जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

उदयपुर

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर, शनिवार 11 अक्टूबर, 2025



# कोठी के साथ

## 60 करोड़ की 60 एमेनिटीज बिल्कुल फ्री

FIXED PRICE GUARANTEED

NO MIDDLE-MEN

KEDIA सेजस्थान

KOTHI & WALK-UP APARTMENT

अजमेर रोड़, जयपुर

## 60 AMENITIES

**OUTDOOR**

1. Entrance Plaza
2. Sezasthan Bazaar
3. Lotus Canopy
4. Chaupati
5. Linear Fountain
6. Temple
7. Rashi Garden
8. Open Air Theatre
9. Wetland Park
10. Plant Nursery
11. Kid's play Area
12. Sandpit
13. Open Gym
14. Herb Garden
15. Interactive Fountain
16. Lap Pool
17. Kid's Pool
18. Roof Top Wall
19. Multi Purpose Lawn
20. Meditation Zone
21. South End Park
22. Vocational Workshop Space
23. Viewing Deck
24. Sensory Walk
25. Nature Trail
26. Savanna Elevated Trail
27. Picnic Points
28. Adventure Play Area
29. Interactive Seating With Gazebo
30. Seating With Trellis

**INDOOR AMENITIES**

31. Tuition Rooms
32. Library
33. Art Area
34. Kid's Workshop and Play Area
35. Trampoline
36. Disney Theme Game Room
37. Women's Corner
38. Chit Chat Lobby
39. Conference Area
40. Meeting Area
41. Featuristic Club Entry With Bridges
42. Health Care Facility
43. Gymnasium
44. Yoga Area
45. Card Area
46. Chess Area
47. Carrom Area
48. Table Tennis
49. Billiards
50. Cafeteria With Outdoor Seating
51. Banquet Hall

**SPORTS**

52. Basketball Court
53. Badminton Court
54. Skating Rink
55. Lawn Tennis
56. Mini Golf
57. Cricket Practice Net
58. Box Cricket
59. Jogging Loop
60. Cycling Track

बड़ी-बड़ी कोठी छोटी-छोटी प्राइस में
सिर्फ ₹4700/- Sq Ft

पजेशन पर ₹10 लाख प्राइस बढ़ेगी !

83 दिनों में हैंडओवर शुरू

## FIXED PRICE & RENTAL

| PRODUCT TYPE | UNIT TYPE | SIZE | FIXED PRICE | PROPOSED RENTAL (AFTER POSSESSION) |
|---|---|---|---|---|
| WALK-UP APARTMENT | 2 BHK (GF) | 1350 Sq Ft | 65 LACS | 22,000 |
| | 3 BHK (SF) | 1900 Sq Ft | 75 LACS | 25,000 |
| | 3 BHK (FF) | 1900 Sq Ft | 80 LACS | 28,000 |
| KOTHI | 3 BHK BIG | 2000 Sq Ft | 1.05 CRORE | 30,000 |
| | 4 BHK BIGGER | 2325 Sq Ft | 1.10 CRORE | 40,000 |
| | 4 BHK BIGGEST | 3200 Sq Ft | 1.50 CRORE | 50,000 |

रियल एस्टेट में रियल रिटर्न्स



KEDIA®

1800-120-2323
78770-72737

info@kedia.com
www.kedia.com
www.rera.rajasthan.gov.in
RERA No. RAJ/P/2023/2387

SCAN QR FOR
• LOCATION
• ROUTE MAP
• SITE 360 TOUR
• E-BROCHURE
• WALKTHROUGH

*T&C Apply

## विचार बिन्दु

**अपना नाम सदा कायम रखने के लिए मनुष्य बड़े से बड़ा जोखिम उठाने, धन खर्च करने, हर तरह के कष्ट सहने, यहाँ तक कि मरने के लिए भी तैयार हो जाता है। –सुकरात**

# हर बारिश के बाद मजबूत होता राजस्थान : आपदा प्रबंधन का नया अध्याय

राजस्थान को प्राय: शुष्क और रेगिस्तानी प्रदेश के रूप में पहचाना जाता है, लेकिन जब मानसून अपना रंग दिखाता है तो यहां की धरती पर बाढ़ जैसी आपदाएं भी असामान्य नहीं रहतीं। इस वर्ष भी मानसून के बाद कई जिलों में भारी वर्षा ने जहाँ सूखे की चिंताओं को कुछ हद तक कम किया, वहीं दूसरी तरफ जलभराव, बाढ़, घर ढहने, सड़कों के कटाव और फसलों की बरबादी जैसी समस्याएं खड़ी कर दीं। राजस्थान में आपदा प्रबंधन की जरूरत केवल सूखे या अकाल तक सीमित नहीं, बल्कि अचानक आई बाढ़ और उससे उत्पन्न परिस्थितियों से निपटने में भी बराबर की है। सवाल यह है कि सरकार और समाज किस तैयारी के साथ इन आपदाओं का सामना करते हैं और प्रभावित जनता तक किस हद तक राहत व पुनर्वास पहुंचता है।

राजस्थान में आपदाओं का स्वरूप भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार बदलता रहा है। पश्चिमी जिलों में लू और सूखा बड़ी चुनौती है, जबकि पूर्वी और दक्षिण–पूर्वी जिलों में भारी वर्षा के बाद नदियों का उफान प्रलयकारी स्थितियां उत्पन्न कर देता है। उदयपुर, कोटा, झालावाड़, बांसवाड़ा, सवाईमाधोपुर और भरतपुर जैसे जिलों में मानसून की अधिक वर्षा अक्सर बाढ़ का कारण बन जाती है। वहीं, मरुभूमि से जुड़े जोधपुर, बाड़मेर व जैसलमेर में कहीं–कहीं कम समय में हुई तेज वर्षा भी जनजीवन को अस्त–व्यस्त कर देती है। ऐसे में आपदा प्रबंधन को एक व्यापक दृष्टिकोण से देखना आवश्यक है, जिसमें रोकथाम, तैयारी, त्वरित राहत और दीर्घकालीन पुनर्वास सभी शामिल हों।

राजस्थान सरकार ने इस दिशा में राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (RSDMA) और जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों की स्थापना की है। इनके तहत आपदाओं की समय से पूर्व चेतावनी, राहत कार्यों का समन्वय और पुनर्वास की नीतियां लागू की जाती हैं। भारतीय मौसम विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर राज्य सरकार अब अधिक सटीक पूर्वानुमान उपलब्ध कराती है। ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में बाढ़ चेतावनी प्रणाली लागू की जा रही है। गांवों में पंचायत स्तर पर आपदा प्रबंधन समितियां बनाई गई हैं जो संकट की घड़ी में त्वरित निर्णय लेकर लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकें।

सरकार द्वारा हर वर्ष मानसून से पहले 'पूर्व आपदा तैयारी अभियान' चलाया जाता है, जिसमें निचले इलाकों की सफाई, जलनिकासी व्यवस्था, कमजोर मकानों के सर्वे और संवेदनशील स्थानों की पहचान शामिल है। मानसून के दौरान जैसे ही भारी वर्षा और बाढ़ की स्थिति बनती है, प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित राहत सामग्री पहुंचाने के लिए प्रशासन को निर्देशित किया जाता है। खाद्य सामग्री, कंबल, तिरपाल और पीने के पानी की आपूर्ति प्राथमिक स्तर पर की जाती है। पशुओं के लिए चारे और दवाइयों की आपूर्ति भी योजनाओं का हिस्सा है, क्योंकि ग्रामीण आबादी का बड़ा हिस्सा पशुपालन पर ही आधारित है।

आपदा प्रबंधन की प्रक्रिया केवल राहत पहुंचाने तक सीमित नहीं है। सरकार ने पुनर्वास और क्षतिपूर्ति नीतियों को भी लागू किया है। प्रधानमंत्री आपदा राहत कोष और मुख्यमंत्री सहायता कोष से प्रभावितों को मुआवजा उपलब्ध कराया जाता है। घर ढहने, खेतों में खड़ी फसल खराब होने और पशुओं की मौत पर निर्धारित दर से सहायता दी जाती है। कई बार संकट इतना व्यापक होता है कि केंद्र सरकार की सहायता भी ली जाती है। हाल के वर्षों में तकनीक आधारित मैपिंग और सर्वेक्षण प्रणाली अपनाई गई है जिससे नुकसान का सटीक आकलन संभव हुआ है और पीड़ित परिवारों को सीधे उनके बैंक खातों में सहायता राशि पहुंचाई जा रही है।

> **सरकार द्वारा हर वर्ष मानसून से पहले 'पूर्व आपदा तैयारी अभियान' चलाया जाता है, जिसमें निचले इलाकों की सफाई, जलनिकासी व्यवस्था, कमजोर मकानों के सर्वे और संवेदनशील स्थानों की पहचान शामिल है। मानसून के दौरान जैसे ही भारी वर्षा और बाढ़ की स्थिति बनती है, प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित राहत सामग्री पहुंचाने के लिए प्रशासन को निर्देशित किया जाता है।**

राजस्थान सरकार ने 'मुख्यमंत्री चिरंजीवी बीमा योजना' के अंतर्गत आपदाओं में घायल नागरिकों के नि:शुल्क इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की है। स्वास्थ्य विभाग आपदा के दौरान विशेष मेडिकल टीमों का गठन करता है और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मोबाइल चिकित्सालय भी भेजे जाते हैं। जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए पीने के पानी की क्लोरीनेशन व्यवस्था और दवाइयों का वितरण सुनिश्चित किया जाता है।

खास तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ के बाद सड़कों, पुलिया और विद्युत व्यवस्था को तत्काल बहाल करना भी आपदा प्रबंधन का अहम हिस्सा होता है। राजस्थान में 'आपदा राहत त्वरित प्रतिक्रिया बल' (SDRF) और जरूरत पड़ने पर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (NDRF) की इकाइयां तैनात की जाती हैं। ये टीमें न केवल राहत और बचाव कार्य करती हैं बल्कि संकट के समय प्रशिक्षण लेकर गांव–गांव में स्वयंसेवकों और युवाओं को तैयार भी करती हैं ताकि स्थानीय स्तर पर प्रतिक्रिया की क्षमता बने।

सरकारी योजनाओं में आर्थिक पुनर्वास भी शामिल है। बाढ़ और आपदा से प्रभावित किसानों को ब्याजमुक्त या कम ब्याज दरों पर ऋण उपलब्ध कराया जाता है। कृषि विभाग विशेष पैकेज घोषित करता है जिसमें मुफ्त बीज, खाद और कृषि उपकरण दिए जाते हैं। कृषि बीमा योजना के अंतर्गत पंजीकृत किसानों को नुकसान की भरपाई भी की जाती है। पशुपालन व कृषि कार्यों के साथ छोटे व्यापारियों को भी राहत कोष से सहायता राशि उपलब्ध कराई जाती है ताकि उनकी आजीविका पुन: पटरी पर आ सके।

शहरी क्षेत्रों की स्थिति अलग है। जयपुर, जोधपुर और अजमेर जैसे शहरों में जलभराव महानगरीय जीवन को ठप कर देता है। ऐसे में नगर निगम और विकास प्राधिकरण जलनिकासी के स्थायी समाधान पर कार्य कर रहे हैं। स्मार्ट सिटी योजना और अमृत मिशन के अंतर्गत जलभराव की समस्या से निपटने के लिए अंडरग्राउंड ड्रेनेज और स्टॉर्म वाटर मैनेजमेंट प्रोजेक्ट्स चलाए जा रहे हैं।

इस पूरे परिदृश्य में यह भी जरूरी है कि जनता के बीच आपदा प्रबंधन के प्रति जन–जागरूकता बढ़ाई जाए। अक्सर देखा गया है कि अचानक आई बाढ़ में लोग असावधानी से अपनी जान जोखिम में डाल देते हैं। गांवों और कस्बों में सामुदायिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाने लगे हैं जहां आपातकाल में बचाव की तकनीकें, प्राथमिक उपचार और सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने की रणनीति सिखाई जाती है।

राजस्थान में आपदा प्रबंधन की चुनौतियां इसलिए भी बड़ी हैं क्योंकि प्रदेश का भौगोलिक क्षेत्रफल बहुत विशाल है और संसाधन सीमित हैं। लेकिन सकारात्मक पक्ष यह है कि हाल के वर्षों में प्रशासन ने तकनीकी साधनों का उपयोग बढ़ाया है। ड्रोन सर्वेक्षण, डिजिटल रिपोर्टिंग और मोबाइल एप आधारित आपदा निगरानी प्रणाली आज आपदा प्रबंधन को अधिक प्रभावी बना रही है।

आवश्यकता इस बात की है कि आपदा प्रबंधन को केवल सरकारी कामकाज तक सीमित न माना जाए। यह सामाजिक जिम्मेदारी है जिसमें नागरिक समाज, पत्रकारिता, गैर सरकारी संगठन और स्थानीय समुदाय सबकी भागीदारी जरूरी है। यदि हर स्तर पर बेहतर समन्वय और समय पर कार्यवाही हो, तो राहत व पुनर्वास की प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बनेगी।

राजस्थान में मानसून के बाद आपदाएं एक स्थायी यथार्थ हैं। लेकिन इन्हें संकट नहीं, बल्कि आपसी सहयोग और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से समाज के सामर्थ्य को परखने का अवसर समझा जाना चाहिए। यदि राज्य सरकार की योजनाओं के साथ जनता का सक्रिय सहयोग जुड़ा, तो हर मानसून के बाद राजस्थान पहले से ज्यादा मजबूत और तैयार खड़ा नजर आएगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**अविनाश जोशी,**
**वरिष्ठ पत्रकार एवं कॉरपोरेट सलाहकार**

# शॉर्ट सैलरों के लिए भी देश में बने नियामक कानून


**डॉ. सुबोध अग्रवाल**

शार्ट सेलरों द्वारा हिडन एजेण्डा के तहत समय समय पर रिपोर्टों की विश्वसनीयता पर सवाल उठते रहे हैं। ऐसे में इस तरह के शार्ट सेलरों को एक सीमा तक किसी दायरें में सीमित करना जरुरी हो गया है। अड़ानी और वेदांता के संबंध में हिण्डनवर्ग और वायसराय रिसर्च द्वारा जारी रिपोर्टों में आंकड़ों के नकारात्मक विश्लेषण के बाद के हालातों को देखते हुए अब भारत में भी शार्ट सेलरों पर अंकुश के लिए नियामक बनना समय की मांग हो गई है।

सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जे वाई चन्द्रचूड द्वारा अमेरिकी शार्ट सेलर विश्लेषक वायसराय रिसर्च की वेदांता समूह को लेकर जारी रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर साफ कर दिया कि वायसराय द्वारा जारी रिपोर्ट वेदांता समूह को लेकर भ्रमित करने वाली रिपार्ट जारी की गई। हांलाकि वायसराय ने वेदांता की एजीएम के ठीक एक दिन पहले यह रिपोर्ट जारी कर वेदांता की साख को प्रभावित करने का प्रयास किया पर वेदांता ने जिस तरह से रिपोर्ट को सिरे से खारिज किया उससे दूसरे दिन ही वेदांता के शेयर पूर्व स्थिति में आ गये। यह तो एक उदाहरण मात्र है।

इससे पहले हिण्डनवर्ग द्वारा अडानी समूह को निशाने पर लेने को जो प्रयास किये थे वे भी जगजाहिर है। पिछले दिनों विदेशी शार्ट सेलर अपनी रिपोर्टों में भारतीय बड़ी कंपनियों को ही निशाना बनाते रहे हैं। दरअसल शार्ट सेलर विश्लेषकों द्वारा जारी रिपोर्ट के आधार पर बड़े निवेशक निवेश रणनीति बनाते हैं। शार्ट सेलर अपनी रिपोर्ट में जो तस्वीर पेश करते हैं उनसे संबंधित कंपनियों के शेयर पर अनुकूल और प्रतिकूल दोनों ही तरह के प्रभाव पड़ते हैं तो रिपोर्ट के चलते शेयर के गिरने से खरीददार खरीद कर बाद में अच्छा मुनाफा कमा लेते हैं।

खैर यह एक रणनीति हो सकती है पर शार्ट सेलरों द्वारा जारी रिपोर्ट में तथ्यों से हेराफेरी कर केवल निशाना बनाकर कंपनी को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया जाता है तो यह किसी भी दृष्टि से उचित नहीं ठहराया जा सकता। विदेशी कंपनियों खासकर हिण्डनवर्ग और वायसराय शार्ट सेलर ने भारतीय शेयर बाजार खासतौर से अडानी और वेदांता समूह को नुकसान पहुंचाने और इनकी साख को प्रभावित करने का प्रयास किया हांलाकि हिण्डनवर्ग की चाल कुछ समय तक ही सफल रह सकी तो वायसराय की चाल दूसरे दिन ही धराशाही हो गई। पर इससे सबक लिये जाने की भी आवश्यकता हो जाती है।

ऐसा नहीं है कि शार्ट सेलर द्वारा इस तरह का कुप्रयास पहली बार किया गया हो। स्पेन की ग्रिफोल्स और स्विस की टेमेनोस इनका शिकार हो चुकी है। यह दोनों ही मल्टीनेशनल कंपनियां रही है और इनकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साख व पहचान रही है। स्पेन की ग्रिफोल्स बायोथेराफयूटिक्स और खासतौर से प्लाज्मा व स्विस की टेमेनोस बैंकिंग सॉफ्टवेयर क्षेत्र की कंपनी रही है। इसी तरह से डच कंपनी स्टाइन हॉफ और वायरकार्ड आदि कंपनियां इस रिपोर्टो की शिकार हो चुकी है। यह दूसरी बात है कि किसी पर सकारात्मक तो किसी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा।

दरअसल शार्ट सेलरों की रिपोर्ट निवेश रणनीति कम सट्टे जैसा काम अधिक करती है। शार्ट सेलरों द्वारा जारी रिपोर्ट प्राय: संदेह के घेरे में रही हैं। इनके द्वारा जारी रिपोर्ट तो कई बार केवल निशाना बनाने जैसी और कंपनियों के साख के साथ खिलवाड़ करने जैसी हो जाती है। अडानी और वेदांता इसके जीते जागते उदाहरण है। ऐसा नहीं है कि हिण्डनवर्ग या वायसराय ही शार्ट सेलर हो, बल्कि इस तरह की बहुत सी संस्थाएं काम कर रही है।

सीएनएमवी, गोथम सिटी रिसर्च, अमेरिका की मडीवाटर्स, ब्रिटिश संस्था शैडोफाल आदि भी इस तरह की संस्थाएं काम कर रही है। देखा जाए तो यह कंपनियों के लेखों और गतिविधियों को अपने स्रोतों से प्राप्त कर उसके आधार पर रिपोर्ट तैयार करती है और कंपनियों द्वारा किये जा रहे कार्यों को अपनी तरह से परिभाषित करती है। इनकी रिपोर्ट्स जब प्रकाशित होती है तो उससे एक बार तो सनसनी फैल जाती है और संबंधित कंपनियां अपनी सफाई देने में ही पूरी ताकत झोंक देती है। मजे की बात यह है कि तथ्यों के नकारात्मक या सकारात्मक विश्लेषण को यह सही बताते हैं और आम निवेशक इससे प्रभावित हो जाता है। हिण्डनवर्ग की अडानी के खिलाफ रिपोर्ट ने केवल अडानी कंपनियों को ही नहीं हिलाया अपितु राजनीतिक पैतरेबाजी और आरोप प्रत्यारोप भी खूब चले।

जहां तक विदेशों की बात है तो ऐसी संस्थाओं की गतिविधियों की निगरानी भी की जाती है। अमेरिका में एसईसी लगातार निगरानी करती रहती है तो योरोप में इन संस्थाओं की गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। अडानी और वेदांता समूह की साख खराब करने पर जिस तरह के प्रयास शार्ट सेलरों द्वारा किया गया उसे देखते हुए भारत में भी नियामक प्रावधान किये जाने की आवश्यकता है।

सवाल इन संस्थाओं की रिपोर्ट की विश्वसनीयता होने या ना होने का नहीं होता, बल्कि यह संस्थाएं अपने हिडन एजेण्डा को पूरा करने में सफल हो जाती है। भारत की इनगवर्न रिसर्च का मानना है कि शार्ट सेलर संस्थाओं की गतिविधियों की निगरानी व्यवस्था नहीं होने से आसानी से यह भारतीय बाजार को प्रभावित कर देती है। जिरोधा के संस्थापक नितिन कामथ ने शार्ट सेलिंग तंत्र की संरचनात्मक कमियों को उजागर किया है तो ऐसे हालात में देश में शार्ट सेलर संस्थाओं के लिए नियामक संस्था व प्रावधानों की आवश्यकता हो जाती है जिससे तथ्यों व आंकड़ों का गलत विश्लेषण कर किसी को नुकसान पहुंचाने और निवेशकों को भ्रमित करने से बचाया जा सके।

**–डॉ. सुबोध अग्रवाल,**
**अतिरिक्त मुख्य सचिव,**
**राजस्थान सरकार।**

# दाम्पत्य जीवन की पवित्रता का पर्व "करवा चौथ"


**डॉ. जे. के. गर्ग**

सनातन धर्मी महिलाएं कार्तिक कृष्णा दाम्पत्य जीवन की पवित्रता का पर्व करवा चौथ का पर्व अपने जीवन साथी के दीर्घायु स्वस्थ और खुशहाल रहने के लिये व्रत रखकर शाम को चन्द्रमा के दर्शन कर उनको अर्क दे कर छलनी से अपने प्राण प्रिय पति को देख कर अपने पति के हाथों से जल पीकर अपना व्रत खोलती है । करवा चौथ हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह भारत के जम्मू हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश और राजस्थान में मनाया जाने वाला पर्व है। यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। यह पर्व सौभाग्यवती (सुहागिन) स्त्रियाँ मनाती हैं। यह व्रत सवेरे सूर्योदय से पहले लगभग 4 बजे से आरंभ होकर रात में चंद्रमा दर्शन के उपरांत संपूर्ण होता है। पति की दीर्घायु एवं अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन भालचन्द्र गणेश जी की अर्चना की जाती है। संस्कृत में इसको करक चतुर्थी तेलुगु में अटल तद्दी कहा जाता हे ।

यह व्रत 12 वर्ष तक अथवा 16 वर्ष तक लगातार प्रति वर्ष किया जाता है। अवधि पूरी होने के पश्चात इस व्रत का उद्यापन (उपसंहार) किया जाता है। किन्तु जो सुहागिन स्त्रियां आजीवन रखना चाहें वे जीवन भर इस व्रत को कर सकती हैं। इस व्रत के समान सौभाग्यदायक व्रत अन्य कोई दूसरा नहीं है। भारत देश में वैसे तो चौथ माता जी के कई मंदिर स्थित है, लेकिन सबसे प्राचीन एवं सबसे अधिक ख्याति प्राप्त मंदिर राजस्थान राज्य के सवाई माधोपुर जिले के चौथ का बरवाड़ा गाँव में स्थित है। चौथ माता के नाम पर इस गाँव का नाम बरवाड़ा से चौथ का बरवाड़ा पड़ गया। चौथ माता मंदिर की स्थापना महाराजा भीम सिंह चौहान ने की थी।

**करवा चौथ के व्रत संबंध में पौराणिक एवं लोक कथाएं।**

कहा जाता है कि शंकरजी ने माता पार्वती को करवा चौथ के व्रत का महत्व बताया था। इसके अलावा द्रौपदी ने अर्जुन के लिए यह व्रत रखा था। तभी से पत्नियां अपने पति की सलामती के लिए यह उपवास रखती हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार करवा नाम की स्त्री अपने पति के साथ नदी के किनारे के गांव में रहती थी। एक दिन उसका पति नदी में स्नान कर रहा था तभी एक मगरमच्छ ने उसका पैर पकड़ लिया। वह मनुष्य अपनी पत्नी को पुकारने लगा। उसकी आवाज सुनकर पत्नी करवा वहां पहुंची और मगरमच्छ को कच्चे धागे से बांध दिया। इसके बाद महिला यमराज के पास पहुंची और विनती करते हुए कहा कि हे भगवान! मगरमच्छ को आप नरक में ले जाओ। यमराज बोले, उसकी आयु शेष है, उसे नहीं मार सकते। इस पर करवा बोली, अगर आप ऐसा नहीं करोगे तो मैं आप को श्राप दें दूंगी। यह सुनकर यमराज मगरमच्छ को यमपुरी भेज दिया। तभी से उस महिला को करवा माता कहने लगे और उनकी पूजा की जाने लगी।

**साहूकार के सात लड़के, एक लड़की की कहानी:–**

एक साहूकार के सात लड़के और एक लड़की थी। एक बार कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को सेठानी सहित उसकी सातों बहुएं और उसकी बेटी ने भी करवा चौथ का व्रत रखा। रात्रि के समय जब साहूकार के सभी लड़के भोजन करने बैठे तो उन्होंने अपनी बहन से भी भोजन कर लेने को कहा। इस पर बहन ने कहा– भाई, अभी चांद नहीं निकला है। चांद के निकलने पर उसे अर्घ्य देकर ही मैं आज भोजन करूंगी।

साहूकार के बेटे अपनी बहन से बहुत प्रेम करते थे, उन्हें अपनी बहन का भूख से व्याकुल चेहरा देख बेहद दुख हुआ। साहूकार के बेटे नगर के बाहर चले गए और वहां एक पेड़ पर चढ़ कर अग्नि जला दी। घर वापस आकर उन्होंने अपनी बहन से कहा– देखो बहन, चांद निकल आया है। अब तुम उन्हें अर्घ्य देकर भोजन ग्रहण करो। साहूकार की बेटी ने अपनी भाभियों से कहा– देखो, चांद निकल आया है, तुम लोग भी अर्घ्य देकर भोजन कर लो। ननद की बात सुनकर भाभियों ने कहा– बहन अभी चांद नहीं निकला है, तुम्हारे भाई धोखे से अग्नि जलाकर उसके प्रकाश को चांद के रूप में तुम्हें दिखा रहे हैं। साहूकार की बेटी अपनी भाभियों की बात को अनसुनी करते हुए भाइयों द्वारा दिखाए गए चांद को अर्घ्य देकर भोजन कर लिया। इस प्रकार करवा चौथ का व्रत भंग करने के कारण चौथ माता साहूकार की लड़की पर क्रोधित हो गई। चौथ माता की अप्रसन्नता के कारण उस लड़की का पति उसके सुसराल में बीमार पड़ गया और सुसराल वालों के घर में बचा हुआ सारा धन उसकी बीमारी में खर्च हो गया। साहूकार की बेटी को जब अपने किए हुए दोषों का पता लगा तो उसे बहुत पश्चाताप हुआ। उसने गणेश जी से क्षमा प्रार्थना की और फिर से विधि–विधान पूर्वक चतुर्थी का व्रत शुरू कर दिया। उसने उपस्थित सभी लोगों का श्रद्धानुसार आदर किया और तदुपरांत उनसे आशीर्वाद ग्रहण किया।

इस प्रकार उस लड़की के श्रद्धा–भक्ति को देखकर चोट माता प्रसन्न हो गइ और उसके पति को जीवनदान प्रदान किया। उसे सभी प्रकार के रोगों से मुक्त करके धन, संपत्ति और वैभव से युक्त कर दिया। पूजा करते समय और कथा सुनते समय दो करवे रखने होते हैं, एक करवे में महिलाएं अर्घ्य देती हैं यानी जिसे उनकी सास ने दिया होता है और दूसरा वो जिसमें पानी भरकर बायना देते समय उसकी सास को देती हैं। करवा में रक्षा सूत्र बांधकर, हल्दी और आटे के सम्मिश्रण से एक स्वस्तिक बनाया जाता है। एक करवे को शुद्ध जल से और दूसरे करवे को से दूध भरते हैं और उसमें तांबे या चांदी का सिक्का डाल देते हैं। जब बहू व्रत शुरू करती है, तो सास उसे करवा देती है, उसी तरह बहू भी सास को करवा देती है। साधारण तय मिट्टी के करवा का उपयोग किया है किन्तु कई जगह स्टील के लोटे का प्रयोग भी किया जाता है।

सरगी– सरगी आम तौर पर पंजाबी समुदाय के लोगों में ज्यादा प्रचलित होती है, लेकिन दूसरे समुदाय के लोग भी इसका प्रयोग करते हैं। सरगी का मतलब है कि सास की ओर से बहू को करवा चौथ पर दी जाने वाली एक तरह की भेंट। यह भोजन की एक ऐसी थाली होती हैं जिसमें कुछ खास चीजें होती हैं जिसे खाने से भूख और प्यास कम लगती है और दिनभर ऊर्जा बनी रहती।। इन्हें खाने के बाद महिलाएं दिनभर निर्जला उपवास रखती है।

सरगी की थाली में ऐसी चीजें होती है जिसे खाने से भूख और प्यास कम लगती है और दिनभर एनर्जी बनी रहती। इसमें सूखे मेवे और फल होते हैं। साथ ही मिठाई होती है। अगर सास सरगी नहीं दे सकती तो बहू को पैसे भिजवा सकती हैं। सरगी में खाने के सामान के अलावा कपड़े, सुहाग की चीज, फेनिया, नारियल आदि रखे होते हैं। यह व्रत 10 अक्टूबर, 2025 को है। प्रकृति का नियम हैं कि समय परिवर्तनशील है समय के साथ आदमी की सोच भी बदलती है । आज हमारा संविधान सभी को समान अधिकार प्रदान प्रदान करता है चाहे वो पुरुष हो या स्त्री इसी प्रकार सभी के कर्तव्य भी समान होते हैं । नर और नारी जीवन रुपया रथ के दो पहिये हैं स्वस्थ सुखी दाम्पत्य जीवन के लिये दोनों को स्वस्थ और कुशल होना जरूरी है। क्या यह अधिक अच्छा नहीं होगा अगर पति भी इस पर्व पर अपनी पत्नी के सम्मान खुशाली और उसके स्वस्थ दीर्घ जीवन के लिए प्रार्थना करते हुए उसका हर काम में सहयोग करने की भावना को मूर्त रूप दें इसके लिये पुरुष अपनी पत्नी के स्वस्थ और दीर्घ जीवन के लिये करवा चौथ का व्रत रख कर उसको अपनी मर्जी से उसके द्वारा निर्धारित संकल्पों को पूरा करवाने में तन मन धन से उसकी सहायता और सहयोग करने का संकल्प लें ।

**–डॉ. जे के गर्ग,**
**पूर्व संयुक्त निदेशक कॉलेज शिक्षा जयपुर**

# संवेदनाओं से सूना होता आंगन


**मुरारी गुप्ता**

**ये क्या मंज़र है कि**
**भावनाएं, प्रेम और स्नेह**
**महज़ किताबी बातें हो गई हैं**
**क्यों इतनी निष्ठुर हो रही हैं**
**इंसानी संवेदनाएं**
**ये समाज, ये देश**
**ये धरती, ये दुनिया**
**क्या बिल्कुल रंगहीन हो जाएगी?**

अजमेर की अनासागर झील की लहरें उस दिन शायद खुद कांप उठी होंगी, जब एक माँ ने अपनी तीन साल की मासूम बच्ची को उसमें धकेल दिया। वह बच्ची, जिसकी हंसी से घर का कोना–कोना गूंजता होगा, जिसकी नन्हीं हथेलियाँ माँ की ऊँगली थामे दुनिया देखना चाहती होंगी, अचानक जलसमाधि में समा गई। वजह? माँ का लिव–इन पार्टनर उसे पूर्व पति की बेटी होने का ताना देता था। माँ ने अपने भविष्य को बचाने के लिए अपनी संतान का भविष्य ही छीन लिया।

इसी तरह एक और घर में तूफान आया। एक जवान बेटे ने मामूली बात पर अपनी माँ से मारपीट की और माँ ने वहीं दम तोड़ दिया। उस माँ की ममता, जिसने उसे पाल–पोसकर बड़ा किया, रातों की नींद त्यागकर उसके लिए जीया, वही माँ बेटे के गुस्से की शिकार बन गई। ये दोनों घटनाएँ पढ़कर दिल कांप उठता है। क्या हम उस समाज की संतान नहीं हैं जहाँ माँ को देवी और पिता को देवता माना गया? जहाँ रिश्तों के लिए लोग जान न्यौछावर कर देते थे? फिर क्यों आज रिश्ते बोझ बनते जा रहे हैं? क्यों संवेदनाएँ खोती जा रही हैं? असल में यह दौर भौतिकवाद की अंधी दौड़ का है। जहाँ गाड़ी, मकान, नौकरी और सोशल मीडिया पर लाइक्स रिश्तों से ज़्यादा अहमियत पा चुके हैं। बच्चे माँ–बाप को 'पुराने जमाने का' कहकर अलग हो जाते हैं। पति–पत्नी स्थायी रिश्ते से बचकर 'लिव–इन' को आसान रास्ता मान लेते हैं। और जब कोई रिश्ता बाधा लगता है, तो उसे तोड़ना ही सबसे सरल विकल्प मान लिया जाता है।

सोशल मीडिया ने इस संकट को और गहरा कर दिया है। आज लोग दिनभर वर्चुअल दुनिया में खोए रहते हैं। स्टेटस अपडेट करते हैं, तस्वीरें सजाते हैं, लेकिन घर के बुजुर्गों से दो मिनट बात करने का समय नहीं निकालते। रिश्ते अब 'फ्रेंडलिस्ट' और 'फॉलोअर्स' तक सिमट गए हैं। नतीजा यह कि भीतर से इंसान अकेला, असुरक्षित और चिड़चिड़ा हो गया है।

पुरानी पीढ़ी, जिसने हमें संस्कार दिए, आज अकेलेपन का शिकार है। संयुक्त परिवार टूट चुके हैं, बच्चों और बुजुर्गों के बीच दूरियाँ बढ़ गई हैं। यही दूरियाँ कभी मासूम बच्ची की जान ले लेती हैं, तो कभी माँ की। समस्या गहरी है, लेकिन उपाय असंभव नहीं। समाज और सरकार को मिलकर रिश्तों को बचाने की पहल करनी होगी। सरकार ऐसी नीतियाँ बनाए जो परिवारों को जोड़ें और माता–पिता की उपेक्षा पर सख्त कानून लागू करे।

लेकिन केवल कानून काफी नहीं है। हमें अपनी सनातन संस्कृति से भी सीखना होगा। हमारे शास्त्रों ने सिखाया–**मातृदेवो भव, पितृदेवो भव।** अगर इस शिक्षा को फिर से अपनाया जाए, तो परिवारों में सम्मान और अपनापन लौट सकता है। संत–महात्माओं को अपने प्रवचनों में रिश्तों की महत्ता पर ज़ोर देना चाहिए। विद्यालयों की भूमिका भी अहम है। बच्चों को केवल गणित और विज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाई जाए। उन्हें बुजुर्गों के साथ समय बिताने, सेवा करने और रिश्तों का मोल समझने के अवसर दिए जाएँ। काउंसलिंग और संवाद की परंपरा को शिक्षा का हिस्सा बनाना होगा।

हर रोज़ अखबार में ऐसे हादसे पढ़कर दिल बैठ जाता है। लेकिन हमें इन्हें केवल 'खबर' बनाकर भूलना नहीं है। ये घटनाएँ चेतावनी हैं कि अगर हमने समय रहते अपने मूल्यों को नहीं थामा, तो कल का समाज और भी भयावह होगा। आज सबसे बड़ी जरूरत है कि हम अपने घर को फिर से 'संस्कारों का विद्यालय' बनाएं। बच्चों को सिखाएँ कि सोशल मीडिया पर लाइक्स से बड़ा सुख माँ की मुस्कान और पिता का आशीर्वाद है। बुजुर्गों को वह सम्मान दें, जिसके वे हकदार हैं। मासूम बच्ची की डूबी हुई किलकारी और माँ की टूटी हुई सांसें हमें यही संदेश देती हैं–रिश्तों को बचाइए, संवेदनाओं को जगाइए। क्योंकि अगर रिश्ते टूटे, तो इंसानियत भी टूट जाएगी।

**– मुरारी गुप्ता,**
**( लेखक भारतीय सूचना सेवा के अधिकारी हैं )**

## राशिफल


**पंडित अनिल शर्मा**

**शनिवार 11 अक्टूबर, 2025**

कार्तिक मास, कृष्ण पक्ष, पंचमी तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2082, रोहिणी नक्षत्र दिन 3:20 तक, व्यतिपात योग दिन 2:07 तक, तैतिल करण सायं 4:44 तक, चन्द्रमा आज रात्रि 2:24 से मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–कन्या, चन्द्रमा–वृष, मंगल–तुला, बुध–तुला, गुरू–मिथुन, शुक्र–कन्या, शनि–मीन, राहु–कुम्भ, केतु–सिंह राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग और अमृत सिद्धि योग सूर्योदय से दिन 3:20 तक है। आज रोहिणी व्रत, व्यतिपात पुण्य है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:54 से 9:20 तक, चर 12:14 से 1:40 तक, लाभ अमृत 1:40 से 4:33 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 6:28, सूर्यास्त 5:59

**मेष**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों के लिए भागदौड़ रहेगी।

**वृष**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल–आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यक्तिगत प्रयासों से आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। खान–पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**कर्क**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।

**तुला**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ और व्यावसायिक कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृश्चिक**
परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में धार्मिक–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। आज परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**धनु**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।

**मकर**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। आज व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ**
घर–परिवार में आपसी वाद–विवाद हो सकते हैं। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिवार में आपसी मतभेद हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**मीन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। परिवार में सुख–सुविधाएं बढ़ेंगी। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 32 संख्याः 340 प्रभात उदयपुर, शनिवार 11 अक्टूबर, 2025 आर.जे. 7202 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

# बिहार में एक दर्जन कांग्रेस नेता अपने-अपने पुत्र को टिकट दिलाने की फिराक में

## कहते हैं कि सीईसी द्वारा तय किये 25 टिकटों में एक भी पुत्र का नाम तय नहीं हुआ है

- कांग्रेस के इन प्रमुख नेताओं में अखिलेश प्रसाद सिंह, मदन मोहन झा, मीरा कुमार, शकील अहमद, अवधेश सिंह व अजीत शर्मा शामिल हैं।
- चर्चा है कि इन वरिष्ठ नेताओं में से अधिकतर सिंगल नाम का पैनल भिजवाने में सफल हो गये थे, पर, स्क्रीनिंग कमेटी के चेयरमैन अजय माकन ने यह सुनिश्चित किया कि हर सीट पर एक से अधिक नाम का पैनल सीईसी को जाये।

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर। बिहार में कांग्रेस नेताओं की स्थिति चाहे जैसी भी हो, चाहे उनका खुद का जनाधार हो या वे अपने बड़े गठबंधन सहयोगी के सहारे हों, लेकिन उनका हार न मानने वाला रवैया कायम है।

बिहार के करीब आधा दर्जन कांग्रेस नेता इस समय अपने बेटे-बेटियों को टिकट दिलाने के लिए जोरदार कोशिशें कर रहे हैं, ताकि उन्हें आने वाले विधानसभा चुनावों में उतारा जा सके और राजनीति में स्थापित किया जा सके।

कल कांग्रेस और राजद के बीच गठबंधन की औपचारिक घोषणा होगी, जिसमें कांग्रेस तेजस्वी यादव को महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के चेहरे के रुप में समर्थन देगी।

कांग्रेस लगभग 58 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है, जिनमें से 25 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम पार्टी की केन्द्रीय चुनाव समिति (सीईसी) ने कल ही तय कर दिये थे। इनमें ज्यादातर वर्तमान विधायक हैं, जिन्हें दोबारा मौका दिया गया है।

अपने बच्चों को टिकट दिलाने की कोशिश में जुटे कांग्रेस नेताओं को उम्मीद थी कि सीईसी उनके नामों को मंजूरी दे देगी, क्योंकि कई सीटों के लिए केवल एक ही नाम पैनल में भेजा गया था। लेकिन स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष अजय माकन ने यह सुनिश्चित किया कि हर सीट के लिए एक से अधिक नाम भेजे जाएं।

अब तक किसी भी नेता के बेटे या बेटी के नाम को मंजूरी नहीं मिली है।

इन नेताओं में प्रमुख हैं, अखिलेश प्रसाद सिंह, जो पूरी तरह इस कोशिश में लगे हैं कि उनका बेटा या तो विधायक बने या सांसद। वे तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक उनका यह मकसद पूरा नहीं हो जाता। मदन मोहन झा, जो राज्य कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और विधान परिषद में कांग्रेस के नेता हैं, अब अपने बेटे को चुनाव में उतारना चाहते हैं।

पार्टी की वरिष्ठ नेता और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष, मीरा कुमार अपने बेटे को फिर से चुनाव मैदान में उतारना चाहती हैं, हालांकि वे पिछला लोकसभा चुनाव हार गये थे।

शकील अहमद, जो पूर्व केन्द्रीय मंत्री और राज्य कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं, लगभग राजनीति से दूर हो चुके थे, लेकिन अब वे अपने बेटे को टिकट दिलाना चाहते हैं। कुछ महीने पहले उन्होंने बेटे को विदेश से बुला लिया और तब से वह अपने चुनाव क्षेत्र में सक्रिय है।

छह बार के विधायक और बहुत वरिष्ठ नेता अवधेश सिंह भी अपने बेटे को टिकट दिलाना चाहते हैं।

अजीत शर्मा चाहते हैं कि उनकी अभिनेत्री बेटी नेहा शर्मा को टिकट दिया जाए।

अपने बच्चों को टिकट दिलाने के इच्छुक इन सभी नेताओं ने बैठक में एक-दूसरे का समर्थन किया, लेकिन पैनल बनने के बाद भी, अधिकतर नेता अभी तक कड़ी लॉबिंग में जुटे हैं, ताकि अपने बेटों या बेटियों के लिए टिकट सुनिश्चित करा सकें।

हालांकि आज स्क्रीनिंग कमेटी की एक और बैठक हुई, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि केन्द्रीय चुनाव समिति की कोई और बैठक बुलाई जाएगी या नहीं।

## अमेरिका पाकिस्तान को नई उन्नत मिसाइलें नहीं देगा

नयी दिल्ली, 10 अक्टूबर। अमेरिका ने पाकिस्तान को मध्यम दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली नई उन्नत मिसाइलों की आपूर्ति से संबंधित मीडिया रिपोर्टों का खंडन करते हुए कहा है कि उसकी पाकिस्तान को ये मिसाइलें देने की कोई योजना नहीं है। भारत में अमेरिकी दूतावास ने शुक्रवार को एक स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि मीडिया रिपोर्टों में 30 सितम्बर के जिस बिक्री अनुबंध का उल्लेख किया गया है, वह रखरखाव और पुर्जों के लिए है

- अमेरिकी दूतावास ने स्पष्टीकरण दिया कि पाकिस्तान से बिक्री अनुबंध रखरखाव व पुर्जों के लिये है।

और इसमें पाकिस्तान को इन मिसाइलों की आपूर्ति करने का जिक्र कहीं नहीं है।

दूतावास ने स्पष्टीकरण में कहा है , "30 सितंबर 2025 को युद्ध विभाग ने मानक अनुबंध घोषणाओं की एक सूची जारी की, जिसमें पाकिस्तान सहित कई देशों के लिए रखरखाव और पुर्जों के लिए मौजूदा विदेशी सैन्य बिक्री अनुबंध में संशोधन का उल्लेख था। प्रशासन इस बात पर ज़ोर देना चाहता है कि झूठी मीडिया रिपोर्टों के विपरीत, इस अनुबंध संशोधन का कोई भी हिस्सा पाकिस्तान को नई उन्नत मध्यम दूरी की हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों (एएमआरएएएम) की आपूर्ति के लिए नहीं है। इसमें पाकिस्तान की किसी भी मौजूदा क्षमता का उन्नयन शामिल नहीं है।"

# ट्रंप का पत्ता कटा, मारिया कोरीना मचाडो को नोबेल शांति पुरस्कार

## वाइट हाउस प्रवक्ता ने कहा कि ट्रंप शांति समझौते कराने, युद्ध रुकवाने व जीवन बचाने का काम करते रहेंगे

- वेनेज़ुएला की "आयरन लेडी" के नाम से प्रसिद्ध, मचाडो का चयन, प्रजातंत्र का साहसिक बचाव करने, स्वतंत्र चुनाव की मांग पर अडिग रहने तथा मानवाधिकारों के उल्लंघनों को उजागर करने के लिये किया गया।
- पर्यवेक्षकों का मानना है कि नोबेल पुरस्कार समिति पर ट्रंप को चुनने के लिए भयंकर दबाव था, पर समिति ने मचाडो के नाम को तरजीह दी, क्योंकि पूरे विश्व में प्रजातंत्र खतरे में है तथा इस चयन से प्रजातंत्र के लिए संघर्ष करने वालों की हिम्मत बढ़ेगी।

-डॉ. सतीश मिश्रा---
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर। वेनेज़ुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरीना मचाडो को अधिनायकवाद के खिलाफ उनके अडिग संघर्ष और लोकतंत्र की साहसिक रक्षा के लिए वर्ष 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए चुनकर, ऐसा लगता है कि नोबेल समिति ने अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को निराश कर दिया है, जो इस प्रतिष्ठित सम्मान को पाने के लिए बेहद उत्सुक, बल्कि लालायित थे।

घोषणा के बाद, वाइट हाउस ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुये कहा, "एक बार फिर नोबेल समिति ने साबित कर दिया कि वह शांति से ज्यादा राजनीति को महत्व देती है।" वाइट हाउस के प्रवक्ता स्टीवन चंग ने शुक्रवार शाम को कहा, "(लेकिन) राष्ट्रपति ट्रंप शांति समझौते करते रहेंगे, युद्ध खत्म कराते करेंगे और लोगों की जान बचाते रहेंगे। उनका दिल मानवतावादी है और उनकी जैसी इच्छाशक्ति से पहाड़ हिलाने वाला कोई दूसरा व्यक्ति नहीं है।"

ट्रंप, जिन्होंने खुद को नोबेल शांति पुरस्कार का हकदार बताया था और इसके लिए लगभग जुनून भरा अभियान चलाया था, जिसमें उन्होंने कुछ मामलों में झूठे दावे भी किए थे कि उन्होंने युद्ध रोके हैं, ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन जल्द ही उनके गुस्से भरे बयान की संभावना जताई जा रही है।

वेनेज़ुएला की आयरन लेडी कही जाने वाली माचाडो पिछले 14 महीनों से छिपकर रह रही हैं, क्योंकि उन्होंने राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के पक्ष में घोषित एक विवादास्पद चुनाव परिणाम को अस्वीकार कर दिया था।

सरकारी धमकियों, अयोग्यता और दमन के बावजूद, माचाडो लगातार स्वतंत्र चुनावों की मांग करती रही हैं और मानवाधिकार के उल्लंघनों को उजागर करती रही हैं। उन्हें यह सम्मान ऐसे समय में मिला है, जब वेनेज़ुएला में राजनीतिक स्वतंत्रता बुरी तरह प्रतिबंधित है।

समिति ने इस वर्ष वेनेज़ुएला पर ध्यान केन्द्रित करना बेहतर समझा, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप बार-बार सार्वजनिक रूप से यह कहते रहे कि वे इस पुरस्कार के योग्य हैं।

घोषणा से पहले, पुरस्कार विशेषज्ञों ने कहा था कि ट्रंप को यह पुरस्कार नहीं मिलेगा, क्योंकि वे उस अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को तोड़ रहे हैं, जिसे नोबेल समिति हमेशा से महत्व

(शेष अंतिम पृष्ठ पर)



# चेन्नई से साढ़े छह करोड़ की चांदी लेकर फरार हुए आरोपियों को पिलानी में दबोचा

## झुंझुनूं पुलिस ने पिलानी में दो आरोपियों समेत तीन को दबोचा, 365 किलो चांदी का सामान जब्त

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले के पिलानी कस्बे की राजगढ़ रोड पर एक मकान में दबिश देकर तीन जनों को गिरफ्तार किया है। मौके से लगभग साढे छह करोड़ की 365 किलो 715 ग्राम चांदी का सामान भी जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब साढ़े छह करोड़ आंकी जा रही है।

एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय को मिले इनपुट के बाद पिलानी पुलिस और एजीटीएफ चिड़ावा की टीम ने सीआई रणजीत सेवदा के नेतृत्व में यह बड़ी कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक बगड़ थाना इलाके के केहरपुरा खुर्द निवासी विकास जांगिड़ व इसी गांव के निखिल जांगिड़ के खिलाफ आठ अक्टूबर को चेन्नई के फ्लॉवर बाजार जिले के एलीफेंट गेट थाने में वैभव मलरेचा ने धोखाधड़ी और गबन का मामला दर्ज करवाया था, जिसमें उसने आरोप लगाया था कि उसने चेन्नई में चांदी के सामान की मरम्मत और निर्माण की फैक्टरी संचालित करने वाले निखिल जांगिड़ और विकास जांगिड़ को दो अक्टूबर को 33 किलो से ज्यादा चांदी की पायल दी थी, जिनकी मरम्मत और पॉलिश का काम करना था, लेकिन आठ अक्टूबर तक चांदी की पायल वापिस नहीं आई और दोनों गायब हो गए। जब मौके पर जाकर देखा तो करीब एक दर्जन अन्य ज्वैलरी व्यवसायी भी मिले। जिनके भी चांदी के आभूषण इन दोनों को दिए गए थे, जिनका भी संपर्क दोनों से नहीं हो पाया। इस पर थाने में दोनों के खिलाफ गबन और धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया गया।

मामला दर्ज होने के बाद चैन्नई पुलिस ने झुंझुनूं एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय को इनपुट दिया, जिस पर पुलिस सक्रिय हो गई। जयपुर से लेकर पिलानी तक सीसीटीवी कैमरे खंगालने और तकनीकी साक्ष्य जुटाने के बाद सामने आया कि दो-तीन दिन पहले ही इन आरोपितों ने पिलानी के राजगढ़ रोड में किराए पर मकान लिया है। इस पर शुक्रवार को दबिश दी गई है। मौके से पुलिस को निखिल और विकास के अलावा थिरपाली बड़ी निवासी राजबीर जांगिड़ भी मिला। फिलहाल तीनों को पुलिस ने शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। वहीं मौके से 365 किलो 715 ग्राम के चांदी का सामान जब्त कर चैन्नई पुलिस को सूचना दे दी है। चेन्नई पुलिस भी पिलानी के लिए रवाना हो गई है। एएसपी देवेंद्र सिंह राजावत ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि चैन्नई पुलिस के आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी, फिलहाल तो आरोपितों को चैन्नई पुलिस को सौंपा जाएगा।



पिलानी कस्बे की राजगढ़ रोड पर पुलिस ने एक मकान में दबिश देकर तीन जनों को गिरफ्तार किया।

- आरोपियों ने पिलानी के राजगढ़ रोड में किराए पर मकान लिया था, इस पर शुक्रवार को दबिश देकर कार्रवाई की गई
- चांदी का सामान जब्त कर चेन्नई पुलिस को सूचना दी, चेन्नई पुलिस भी पिलानी के लिए रवाना हुई

# हाईवे पर बाइक समेत जली हुई हालत में युवक का शव मिला

## बेटे की मौत की जानकारी मिलने के बाद 70 वर्षीय मां ने भी सदमे में दम तोड़ दिया

- पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर युवक की पहचान की, एफएसएल टीम ने सबूत जुटाए
- पुलिस अब पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह दुर्घटना है, आत्महत्या है या हत्या

**सीकर, (निसं)।** सीकर के फतेहपुर में दिल्ली बाइपास हाईवे पर शुक्रवार सुबह एक युवक बाइक समेत जली हुई हालत में मृत मिला। शव बाइपास पर चित्रकूट बालाजी मंदिर के पास मिला। इधर, बेटे की मौत की जानकारी मिलने के बाद 70 वर्षीय मां ने भी दम तोड़ दिया। अब दोनों का एक साथ अंतिम संस्कार होगा।

**शरीर का नीचे का हिस्सा जला हुआ था :-** कोतवाली थाना अधिकारी सुरेंद्र सिंह देगड़ा ने बताया कि शुक्रवार सुबह साढ़े चार बजे हादसे की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। शव बाइक के पास जली हुई हालत में था। युवक का शरीर का नीचे का हिस्सा पुरी तरह जल चुका था। बाइक भी आधी जली हुई थी। पुलिस ने बाइक के नंबर के आधार पर युवक की पहचान की। युवक दयाचंद (35) पुत्र हनुमान राम जाट वार्ड नंबर 47 बूबना कुआं के पास फतेहपुर का रहने वाला है। एफएसएल टीम ने मौके से सबूत जुटाए है। पुलिस अब पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह दुर्घटना है, आत्महत्या है या हत्या।

**बेटे की मौत की खबर मिलने के बाद मां की भी मौत :-** भाई पूरणमल ने बताया कि दयाचंद घर-घर जाकर कूलर पंखे ठीक करने का काम करता था। वह शाम सात बजे घर से निकला था। दयाचंद ने आखिरी फोन रात दो बजे अपनी भांजी को किया था। उसकी शादी नहीं हुई थी। उसके घर में माता-पिता के अलावा एक बड़ी बहन और बड़ा भाई है। शुक्रवार दोपहर दो बजे बेटे की मौत जानकारी मां सिंगारी देवी (70) को दी, जिसके बाद वह बेहोश हो गई। चेकअप के लिए तुरंत डॉक्टर को घर पर बुलाया। डॉक्टर ने जांच के बाद मां को मृत घोषित कर दिया। अब मां और बेटे दोनों का देर शाम एक साथ अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# बदमाशों ने ड्राइवर से मारपीट कर नगदी लूटी

- आस-पास के गांवों में सीसीटीवी चेक करके गाड़ी और आरोपियों का पता लगाया जा रहा है

**सीकर, (निसं)।** सीकर में लिफ्ट लेने के बहाने बदमाश ड्राइवर से मारपीट कर रुपए लेकर भाग गए। बदमाशों ने गाड़ी को रुकवाया और उसकी जेब से रुपए निकालकर भाग गए। मामला खाटूश्यामजी सदर थाने का है। एसएचओ कैलाश चंद यादव ने कहा कि घटना के बाद अब आस-पास के गांवों में सीसीटीवी फुटेज चेक करके गाड़ी और आरोपियों का पता लगाया जा रहा है।

अजबपुरा गांव के रहने वाले 27 साल के नेमीचंद पुत्र शंकरलाल ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि वह ड्राइवर का काम करता है। 9 अक्टूबर की सुबह 10:50 के करीब वह इर्टिगा गाड़ी लेकर खाटूश्यामजी लामिया चौराहे से आगे निकला। उस दौरान चार लोगों ने गाड़ी को रूकवाया। चारों लोगों ने लामिया गांव जाने के लिए लिफ्ट मांगी। ड्राइवर ने बताया कि उसे भी सीतारामपुरा गांव में किसी कार्यक्रम में जाना था। उसने चारों को गाड़ी में बैठा लिया। गाड़ी में बैठने के बाद बदमाशों ने मारपीट करना शुरू कर दिया। एक बदमाश ने खुद गाड़ी ड्राइव करना शुरू कर दिया। इसके बाद लामिया गांव से करीब एक किलोमीटर दूर लाल पत्थर के पास मुझे फेंककर भाग गए।

## पॉक्सो के आरोपी को 20 साल का कारावास

**भीलवाड़ा, (निसं)।** नाबालिग लड़की का अपहरण करने और पॉक्सो एक्ट में दोषी मानते हुए विशाल दरोगा को विशिष्ट न्यायाधीश बालकृष्ण मिश्र ने 20 साल का कठोर कारावास और 62 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

एसपीपी धर्मवीर सिंह कानावत ने बताया कि इसके लिए कोर्ट में 20 गवाह और 41 दस्तावेज पेश किये गये थे। इसके तहत नाबालिग के अपहरण और पॉक्सो एक्ट में विशाल दरोगा को दोषी मानते हुए सजा सुनाई है। वहीं कोर्ट के विशिष्ट न्यायाधीश बालकृष्ण मिश्र ने आरोपी पर जुर्माना भी लगाया है।

# प्रॉपर्टी डीलर पर जानलेवा हमला, दो मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**अजमेर, (निसं)।** जमीनी विवाद को लेकर गत दिनों प्रॉपर्टी डीलर पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने दो मुख्य हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है।

पुलिस आरोपियों से उनके अन्य साथियों के बारे में पूछताछ में जुटी है। दोनों मुख्य आरोपियों ने लाखों रुपए देकर बदमाशों को हायर किया था। मामले में 5 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। मामला अजमेर के हरिभाऊ उपाध्याय नगर थाना क्षेत्र का है। एडीशनल एसपी हिमांशु जांगिड़ ने शुक्रवार को मामले का खुलासा कर मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि प्रॉपर्टी डीलर मनोज नानकानी पर जानलेवा हमला कर झाड़ियों में फेंकने वाले हमलावरों में से दो मुख्य हमलावरों तेजा चौक कोटड़ा निवासी गोविंद उर्फ गोविंद पुत्र रामेश्वर तथा पंजाब नेशनल बैंक के सामने फॉयसागर रोड निवासी मांगीलाल गुर्जर पुत्र कन्हैयालाल गुर्जर को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पूर्व में ही पांच हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया था। ये दोनों मुख्य आरोपी फरार थे।

जांगिड़ ने बताया कि यह विवाद एक प्रॉपर्टी को लेकर चल रहा था। उस जमीन को लेकर आपस में बातचीत भी हुई थी, लेकिन बाद में दोनों में विवाद बढ़ गया। मांगीलाल के खिलाफ सात मुकदमे अन्य थानों में दर्ज है, जबकि गोविंद पर जुएं और अन्य मुकदमा दर्ज हैं। जांगिड़ ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संगठित अपराध की धारा मुकदमे जोड़ कर आगे की कार्यवाही की जाएगी। एएसपी जांगिड़ ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ प्रॉपर्टी डीलर मनोज नानकानी ने मुकदमा दर्ज कराया था।पुलिस दोनों आरोपियों से हमले में शामिल अन्य आरोपियों की पूछताछ में जुटी है।

यहां उल्लेखनीय है कि जानलेवा हमले में घायल हुए प्रॉपर्टी डीलर मनोज नानकानी का एक पैर काटना पड़ा था, जबकि उपचार के लिए उसे उसके परिजन भीलवाड़ा ले गए थे, जहां उसका उपचार कराया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच और फरार आरोपियों को पकड़ने में जुटी है।

## किसान के बाड़े में अजगर दिखा

**भीलवाड़ा, (निसं)।** पुर में जिंदल प्लांट के गेट नंबर एक के पास किसान के बाड़े में अजगर के मिलने से दहशत फैल गई। किसान जेठमल माली ने बताया कि बाड़े में खाखले हटाया तो अजगर दिखाई दिया। वन्य जीव रक्षक कुलदीप सिंह राणावत और छोटू लाल कोली वन्य जीव रक्षक दल के साथ पहुंचे। इस टीम ने खतरनाक अजगर को रेस्क्यू किया, फिर अजगर को जंगल में छोड़ दिया।

## किसान ने आत्महत्या की

**कोटा, (निसं)।** इटावा थाना इलाके में किसान ने किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर सुसाईड कर लिया। जानकारी के अनुसार फसल खराब होने से मानसिक तनाव के कारण किसान ने आत्महत्या का कदम उठाया है। इटावा थाने के थानाधिकारी संदीप विश्नोई ने बताया कि इटावा निवासी जगदीश प्रजापत ने गुरूवार को किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया, जिसे उपचार के लिये इटावा के चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां हालत में सुधार नहीं होती देख जगदीश प्रजापत को कोटा के एमबीएस अस्पताल के लिये रैफर कर अस्पताल में भर्ती किया, जहां उपचार के दौरान जगदीश प्रजापत ने दम तोड़ दिया। थानाधिकारी ने बताया कि मृतक के परिजनों ने बताया कि फसल खराबे को लेकर काफी तनाव में थे।

# सीएम भजनलाल शर्मा व केंद्रीय मंत्री पाटील आज मंड्रेला आएंगे

**झुंझुनूं, (निसं)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटील के शनिवार को मंड्रेला में होने वाले दौरे को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। इसी कड़ी में झुंझुनूं विधायक जनसुनवाई केंद्र में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच मुख्य अतिथि रहे, जबकि विधायक राजेंद्र भांबू ने बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में मुख्यमंत्री की सभा को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा हुई और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई।

विधायक राजेंद्र भांबू ने कहा कि मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री के दौरे को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। उन्होंने बताया कि सभी मोर्चों पर तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झुंझुनूं जिले की पेयजल और सिंचाई जल समस्या को दूर करने के लिए प्राथमिकता से काम शुरू किया है। उन्होंने बताया कि कुंभाराम नहर जल परियोजना का लाभ जिले की तीन विधानसभाओं पिलानी, सूरजगढ़ और उदयपुरवाटी को मिलेगा।

इसके साथ ही झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र के कुछ गांवों को भी परियोजना से जोड़ा जाएगा। दाधीच ने बताया कि इस योजना के तहत 129 गांवों को पेयजल आपूर्ति से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को मंड्रेला में आयोजित सभा में जिले को पेयजल का बड़ा उपहार देने वाले हैं, जिससे पिलानी विधानसभा सहित आस-पास के क्षेत्रों की वर्षों पुरानी जल समस्या का समाधान होगा। बैठक में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, मंडल अध्यक्ष और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस मौके पर जिला प्रमुख व भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि, भाजपा प्रदेश मंत्री विजेंद्र पूनियां, भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य विश्वंभर पूनियां, पूर्व विधायक वीरेंद्र सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष पवन मावंडिया, जिला महामंत्री सरजीत चौधरी, बगड़ नगरपालिका अध्यक्ष गोविंदसिंह राठौड़, पूर्व सभापति खालिद हुसैन आदि मौजूद थे।

# जालोर में मुस्लिम समाज का कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद लेने पर जोर



जुल्फिकार अली



भंवरलाल मेघवाल



भरत सराधना

- जालोर में कांग्रेस पार्टी ने पिछले साठ वर्ष से कांग्रेस ने मुस्लिम समाज से जिलाध्यक्ष नहीं बनाया है
- इस बार पार्टी संतुलन साधने के लिए अल्पसंख्यक वर्ग को अवसर दे सकती है

**जालोर, (कासं)।** जालोर में कांग्रेस पार्टी ने पिछले साठ वर्ष से कांग्रेस ने मुस्लिम समाज से जिलाध्यक्ष नहीं बनाया है, इसलिए इस बार पार्टी संतुलन साधने के लिए अल्पसंख्यक वर्ग को अवसर दे सकती है। कांग्रेस का जिलाध्यक्ष जालोर जिले में नवंबर माह में चुना जाएगा। जिलाध्यक्ष के दौड़ में क्रांग्रेस जिला उपाध्यक्ष जुल्फिकार अली भुट्टो, क्रांग्रेस युवा नेता भरत सराधना, सवाराम चौधरी भी शामिल है।

जालोर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद के लिए करीब दस दावेदार सक्रिय रूप से जोड़-तोड़ में लगे हुए हैं। संगठन के अंदर नए समीकरण बन रहे हैं और पुराने खेमों के बीच संतुलन बैठाने की कवायद तेज है। यह चयन कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत होगा। जिले में 12 ब्लॉक और 122 पंचायत समितियों से जुड़े नेता इस पद के लिए सक्रिय हैं। दावेदारों में युवा, वरिष्ठ और जातीय संतुलन को देखते हुए नाम तय किया जाएगा।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, जिलाध्यक्ष पद के लिए लगभग दस नामों पर मंथन चल रहा है। इनमें वरिष्ठ नेताओं के साथ युवा चेहरे और अल्पसंख्यक वर्ग के प्रतिनिधि भी शामिल हैं। अल्पसंख्यक वर्ग से कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष जुल्फिकार अली भुट्टो, सांचौर पूर्व प्रधान शमशेर अली और कांग्रेस के पूर्व जिला मंत्री शहजाद खान को मजबूत दावेदार माना जा रहा है। देवासी समाज से एनएसयूआई पूर्व राष्ट्रीय सचिव भरत सराधना और मेघवाल समाज से जिलाध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल भी दौड़ में शामिल हैं। मेघवाल संगठन में सक्रिय भूमिका और क्षेत्रीय समीकरणों के कारण इन नामों को भी गंभीरता से देखा जा रहा है। जुल्फिकार अली कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष पद पर है। अल्पसंख्यक वर्ग व जिले में अच्छी पकड़ है तथा पिछले बीस वर्षों से कांग्रेस में सक्रिय है। समाज में अच्छी पकड़ है। कांग्रेस पार्टी में कई पदों पर भी रह चुके है। शमशेर अली पूर्व प्रधान, लंबे समय से संगठन से जुड़े और सामाजिक कार्यों में सक्रिय है।

देवासी समाज के युवा नेता भरत सराधना जो युवा चेहरा, संगठनात्मक दृष्टि से सक्रिय भूमिका है। देवासी क्षेत्रीय स्तर पर प्रभावशाली संगठन में लंबे समय से कार्यरत है। मेघवाल समाज के भंवरलाल मेघवाल जो वर्तमान में जिलाध्यक्ष है। मेघवाल समाज से अनुभव और संगठनात्मक पकड़ कांग्रेस विचारधारा से जुड़े हुए हैं। आहोर क्षेत्र से पूर्व में संगठनात्मक जिम्मेदारियाँ निभाई।

प्रदेश नेतृत्व इस बार ऐसा चेहरा चाहता है जो दोनों गुटों को साथ लेकर आगे बढे, साथ ही जमीनी स्तर पर संगठन को फिर से मजबूत करे। जातीय संतुलन और युवाओं की भागीदारी को भी अहमियत दी जाएगी। सूत्रों के अनुसार, ब्लॉक और जिला स्तर पर रायशुमारी के बाद नवंबर के पहले सप्ताह में नया जिलाध्यक्ष घोषित किया जाएगा। कांग्रेस नेतृत्व का फोकस इस बार सर्वमान्य, संतुलित और सकिय कार्यकर्ता को नेतृत्व देने पर है। जालोर में कांग्रेस का नया जिलाध्यक्ष तय होना सिर्फ संगठनात्मक बदलाव नहीं, बल्कि गुटबाजी खत्म कर एकजुटता की दिशा में बड़ा कदम साबित हो सकता है। ऐसा नेता जो दोनों खेमों को साध सके और हर वर्ग में स्वीकार्य हो, वही इस बार कांग्रेस की कमान संभालेगा।


1.1 Abridged NIB 13/2025-26

**SE CUM PROJECT MANAGER, WATERSHED CELL CUM DATA CENTRE, ZILA PARISHAD SAWAI MADHOPUR**

File No.()/ 1910 **NOTICE INVITING BID** Date: 03.10.2025

**NIB NO. 27, 28, 29, 30, 31 YEAR 2025-26**

(04 packages) construction of Vermi compost works under PMKSY 2.0 in Sawai Madhopur district of estimated value INR 148.44 LACs (78.40+20.45+21.75+12.18+15.66) are invited from interested bidders up to 6.00 PM Date 13.10.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (https://eproc.rajasthan.gov.in or https://sppp.rajasthan.gov.in/) of the state and department website (https://water.rajasthan.gov.in/wdsc).

NIB CODE- WSC2526A0807, UBN- WSC2526WSOB01393, WSC2526WSOB01394, WSC2526WSOB01395, WSC2526WSOB01396, WSC2526WSOB01397

SE CUM PROJECT MANAGER
WATERSHED CELL CUM DATE CENTRE
ZILA PARISHAD SAWI MADHOPUR

DIPR/C/14821/2025

**कार्यालय उपवन संरक्षक धौलपुर**

क्रमांक-उ.व.स.धौ/लेखा/निविदा/2025-26/5909-18 दिनांक-01.10.2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for various works are invited from interested bidders upto 1.30PM 14.10.2025. other particulars of bid may be visited on the procurement portal http://sppp.raj.nic.in or https://eproc.rajasthan.gov.in/ of the state.

| S.No. | Name of Work | Amount | UBN NO. |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 1000 m Boundry Wall in Range Bari | 40.00 Lacs | FOR2526 WSOB02364 |
| 2 | Office Roof Repair work | 14.15 Lacs | FOR2526 WSOB02367 |

DIPR/C/14738/2025 DCF Dholpur

(राजस्थान सरकार)

**श्री गणेश राजीविका महिला सर्वांगीण विकास सहकारी समिति लिमिटेड, टोडाभीम, जिला करौली**

क्रमांक- 232 दिनांक-29.09.2025

**खुली बोली सूचना**

महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना में विभिन्न मशीन व उपकरण आपूर्ति हेतु रूचि रखने वाले बोलीदाताओं से दिनांक 15.10.2025 को 5.00 पीएम तक बोलीयाँ आमंत्रित की जाती है। बोली से सम्बन्धित अन्य जानकारी राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN NO. RGA2526GLOB00232

DIPR/C/14747/2025 जिला प्रबन्धक वित्त, राजीविका करौली

**RAJASTHAN LIVESTOCK DEVELOPMENT BOARD**
Pashudhan Bhawan Parisar, Tonk Road, Jaipur, Phone : 0141-4064974
Email – rldb.ah@rajasthan.gov.in, rldbraj@gmail.com

No. :- RLDB/LN/2025-26/5613 Dated :- 08/10/2025

**INVITATION OF E-BIDS FOR LIQUID NITROGEN**

E-bids are invited from 10.00 AM on 10.10.2025 To 5.00 PM on 31.10.2025 from the Manufacturers/Distributors/Authorized Dealers/Bona-fide Resellers for procurement of Liquid Nitrogen for an estimated value of Rs. 05.00 Crore for the institutions of Department of Animal Husbandry receiving Liquid Nitrogen from Rajasthan Livestock Development Board (RLDB) for one year. Details of the bidding document may be seen on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the State; and RLDB website i.e. rldb.rajasthan.gov.in.

UBN No. : ANH2526GLRC00206

Raj.Samwad/C/25/11931 Chief Executive Officer

**कार्यालय नगरपालिका बाली (पाली) राज.**
Tel.- (02938) 222045 E-mail : municpalboardbali@yahoo.in

क्रमांक : न.पा.बा. / 2025–26 / 2424 दिनांक : 08.10.2025

**-:: Notice Inviting Bid MB-11/2025-26::-**

Bid for works (02 Nos 22.4 lacs) of subject matters of procurement are invited from interested bidders upto (date)& (time). Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. www.sppp.rajasthan.gov.in and www.eproc.rajasthan.gov.in of the state departmental website.

| S.NO | Work Name | UBN NO. |
|---|---|---|
| 1 | दिपावली पर्व पर पालिका क्षेत्र में रंगीन रोशनी व्यवस्था करने का कार्य। | DLB2526SLRC21089 |
| 2 | पालिका क्षेत्र के डिवाईड पर विद्युत पोल लगाने का कार्य। | DLB2526WSOB21090 |

राज.संवाद / सी / 25 / 11872 अधिशाषी अधिकारी

**कार्यालय नगरपालिका विद्या विहार पिलानी (राज.)**

क्रमांक :–न0पा0वि0वि0 / 2152 दिनांक :– 08.10.2025

**निविदा/ई–निविदा सूचना**

नगर पालिका विद्या विहार द्वारा नगर पालिका में विभिन्न स्थानों पर सिविल निर्माण कार्य एंव इलेक्ट्रीक कार्य हेतु उपयुक्त सक्षम श्रेणी के केन्द्र/राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मस् http://www.eproc.rajasthan.gov.in/ तथा http://sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर ऑनलाईन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण निम्न विवरणानुसार इंटरनेट साईट http://sppp.rajasthan.gov.in/ पर भी देखी जा सकती है।

| NIT NO. | Tender NIB Number | Tender UBN Number |
|---|---|---|
| ENIT-13/ 2025-26 | DLB2526A6930 | (DLB2526WSOB20982) |

राज.संवाद / सी / 25 / 11868 अधिशाषी अधिकारी

**राजस्थान स्टेट माईन्स एण्ड मिनरल्स लिमिटेड**
(राजस्थान सरकार का उपक्रम) एसबीयू एण्ड पीसी-लाईमस्टोन, 8, वेस्ट पटेल नगर, सर्किट हाउस रोड, जोधपुर- 342001 (राज.)
फोन नम्बर : (0291) 2511031/2516199 फेक्सः (0291) 2511029, E-Mail-jodhpur.rsmml@rajasthan.gov.in

**ई-निविदा सूचना** दिनांक :- 09/10/2025

| निविदा संख्या एवं दिनांक | कार्य का विवरण |
|---|---|
| आर.एस.एम.एम. / एसबीयू एण्ड पीसी–एल.एस / प्रमुख एंव प्रभारी – एलएस / संविदा– 07 / 2025–26 दिनांक 09.10.2025 UBN No. MML2526SLOB00095 | आर.एस.एम.एम.एल के एसबीयू एंव पीसी लाइमस्टोन जोधपुर कार्यालय मे 2 प्रोफेशनल व्यक्तियो की लिपिकिय कार्य करने हेतु। अनुमानित मूल्य (रू.) 14.40 लाख, धरोहर राशि (रू.) – 28,800 / –, निविदा राशि – 590 / – |

उपरोक्त निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए हमारी वेबसाईट www.rsmm.com अथवा www.sppp.rajasthan.gov.in अथवा प्रबन्धक (अनुबंध) से उपरोक्त पतें पर सम्पर्क करें।

राज.संवाद/सी/25/11856 उप महाप्रबन्धक (का.एवं प्रशा.)

**कार्यालय नगरपरिषद झालावाड़ (राज0)**

क्रमांक : न.परि.झा. / Env./ SBM / 2025 / 3996 दिनांकः 08.10.2025

**–: ई–निविदा :–**
**(Nit No. 03 /2025-26)**

UBN No :- DLB2526WSOB20940
NIB Code :- DLB2526A6909

नगरपरिषद झालावाड़ द्वारा वित्तिय वर्ष 2025–26 में राजस्थान के विभिन्न विभागो / निगमो / स्वायत्त शासन संस्थान / बोर्डो / राजकीय उपक्रमो के "A", "AA", श्रेणी में पंजीकृत संवेदको तथा स्वायत्त शासन विभाग राज0 के अधीन विभागो / संस्थानो / नगरपालिका / नगरपरिषद / नगर निगम में निर्धारित श्रेणी में निविदा जारी होने की दिनांक को पंजीकृत संवेदको से एवं निम्न कार्य विशेष का अनुभव रखने वाले अन्य पंजीकृत संवेदको (reputed art galleries/ Firms dealing with art work/ Junk to Art work/ Art Curator / Art Consultancy / Design Firms etc.) Is Supply and fixing of waste to wealth sculptures and other works in traffic park and bhawani park. हेतु निम्नानुसार निविदायें दिनांक 30.10.2025 को दोपहर 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। संवेदक द्वारा निविदा प्रपत्र एवं शर्तो का विवरण वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त किये जा सकेंगे।

आयुक्त
नगरपरिषद झालावाड

राज.संवाद / सी / 25 / 11906

**कार्यालय नगरपालिका सुकेत जिला–कोटा (राज0)**
Email- nagarpalikasuket@gmail.com

क्रमांक : न.पा.सु / स्टो. / 2025 / 1283 दिनांक 08.10.2025

**–:: निविदा सूचना ::–**

सर्व साधारण एवं पंजीकृत सप्लायर्स को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका सुकेत को निम्नांकित सामग्री एवं किराये पर कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए दरों (रेट–कॉन्ट्रेक्ट) हेतु सीलबन्द निविदायें आमन्त्रित की जाती है। निविदायें संबंधित निम्न कार्य / सामग्री के सामने अंकित दिनांक 27.10.2025 को 12:00 बजे तक निर्धारित प्रपत्र / धरोहर राशि नगद / डी.डी द्वारा जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जाकर 2:00 बजे (पी.एम.) तक प्रस्तुत की जा सकेगी। इसके पश्चात उसी दिवस दोपहर 3:00 बजे तक उपस्थित निविदा दाताओ के समक्ष खोली जावेगी। अन्य जानकारी / शर्ते किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में आकर देखी जा सकती है। सषर्त निविदा मान्य नही होंगी। उक्त निविदा सूचना वेबसाइड www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

NIB DLB2526A6936 UBN DLB2526WSRC21012

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका सुकेत

राज.संवाद / सी / 25 / 11876

**RAJASTHAN POLICE INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD, JAIPUR**
(Government of Rajasthan Undertaking) CIN NO. U45201RJ2013SGC083014, Regd. Office : 756, Police Head Quarter, Lal Kothi, Jaipur (Raj.), Phone: 0141-2740784, Fax: 0141-2744294, e-mail: rpidcl@rajasthan.gov.in

क्रमांक :- RPHCCL/469/NIT/2025-26/D - 2841 दिनांक :- 07/10/2025

**ई-निविदा सूचना सं. 29/2025-26**

निम्नलिखित कार्यों के लिए राज्य / केन्द्र सरकार के अभियांत्रिकी विभागों / उपक्रमों में समकक्ष श्रेणी में पंजीकृत योग्य एवं अनुभवी संवेदकों से नियमानुसार पाँच वर्ष की डीएलपी के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्र में क्रम संख्या 01 से 04 तक की निविदा Two Bid System के तहत आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा की कुल लागत | रूपये 2319.81 लाख |
| ऑन लाईन निविदा फॉर्म मिलने की तारीख | 13 अक्टूबर 2025 प्रातः 9.30 बजे से 13 नवम्बर 2025 सायं 4.00 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा फॉर्म जमा कराने की तारीख | 13 नवम्बर 2025 सायं 6.00 बजे तक |
| ऑन लाईन निविदा खोलने की तारीख | 14 नवम्बर 2025 सायं 1.00 बजे |

निविदा सम्बन्धित जानकारी राजस्थान पुलिस की बेबसाइट www.police.rajasthan.gov.in/ www.sppp.raj.nic.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध रहेगी। इच्छुक संवेदको को निविदा संबंधित जानकारी प्रबन्ध निदेशक कार्यालय से कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है। भविष्य में निविदाओं में संशोधन होने पर उपरोक्त वेबसाइटों पर ही प्रेषित किया जावेगा।

UBN No. : RID2526WLOB00387 To RID2526WLOB00390

राज.संवाद/सी/25/11928 महाप्रबन्धक

**जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड**
रजि. ऑफिस.- विद्युत भवन, ज्योति नगर, जयपुर-302005
Website : http://energy.rajasthan.gov.org/jvvnl, कार्यालय मुख्य अभियन्ता (कोटा संभाग)
नयापुरा पॉवर हाऊस, खाई रोड़, कोटा- 324001, दूरभाष नं. 0744- 2320881, 2450066, ईमेल :- zcekz@jvvnl.org

**ई - निविदा सूचना**

जयपुर डिस्कॉम के झालावाड़ वृत्त में सहायक अभियता (पवस), जेपीडी, सारोला कलां के अधिकार क्षेत्र में टीएन–41 / 2025–26 के अंतर्गत अधिशाषी अभियंता, जल संसाधन, परवन परियोजना, खंड–1, झालावाड़ के पक्ष में परवन परियोजना के चार पंपिंग स्टेशन (क्षमता 630 केवीए (1) और 500 केवीए (3)) के कनेक्शन हेतु, 33 / 11 केवी डूंगरपुर सब स्टेशन व इसके अंतर्गत 33 केवी लाईनों के निर्माण कार्य करने हेतु दो भागों में ई–निविदा (तकनीकी–वाणिज्यिक) एआरसी–2025 के आधार पर योग्य निविदादाताओं से श्रम दर पर आमंत्रित किये जाते है। योग्य निविदादाता सम्पूर्ण निविदा सम्बन्धित दस्तावेज ई–प्रोक्योरमेन्ट पोर्टल http://www.eproc.rajasthan.gov.in पर दिनांक 13.10.2025 से डाउनलोड कर सकते है। निविदाऐं ऑनलाईन ई–पोर्टल पर दिनांक 27.10.2025 को सांय 05:00 बजे तक ही स्वीकार की जावेगी। निविदा सम्बन्धी जानकारी, कार्य का विवरण इत्यादि जयपुर विद्युत वितरण निगम की वेबसाईट http://energy.rajasthan.gov.in/jvvnl, http://www.sppp.rajasthan.gov.in & http://www.eproc.rajasthan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

(UBN No. : VVN2526WSOB00435)

राज.संवाद/सी/25/11854 जेपीआर - 3066 (2025) संभागीय मुख्य अभियंता (कोटा संभाग)

बिजली शिकायतों के लिए टोल फ्री नम्बर 1800 180 6507

### सार-समाचार

## नकदी व जेवरात चोरी

**डूंगरपुर, (निसं)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली पत्रकार कॉलोनी में गुरुवार रात एक बडी चोरी की वारदात सामने आई है। चोरों ने सूने पडे एक मकान को निशाना बनाते हुए करीब 27 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात और डेढ लाख की नकदी चुरा ली। घटना का खुलासा तब हुआ जब मकान मालिक का परिवार देर शाम घर लौटा, तो खुला मिला पीछे का दरवाजा, अंदर सब बिखरा पडा था। पत्रकार कॉलोनी निवासी अमृतलाल पटेल शास्त्री कॉलोनी में अपनी दुकान चलाते हैं। घटना के समय उनकी पत्नी मणि देवी और बेटा हेरंब किसी काम से अपने गांव खेरवाडा गए हुए थे। गुरुवार शाम को जब मणि देवी अपने बेटे के साथ घर लौटीं तो घर का पीछे का दरवाजा खुला हुआ मिला और अंदर का सारा सामान बिखरा पडा था। घटना का एहसास होते ही महिला ने शोर मचाया, जिसके बाद आसपास के लोग और पार्षद जयेश लोधावरा मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पीडित हेरंब पटेल ने बताया कि घर से करीब 2० तोला सोने के जेवर, डेढ किलो चांदी के आभूषण और डेढ लाख रुपए नकद चोरी हो गए हैं। चोरों ने बडी सफाई से दोनों आलमारियों को तोडकर सारा सामान निकाल लिया। पुलिस ने मौके का मुआयना कर फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट और डॉग स्क्वॉड को भी बुलाया है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गौरतलब है कि बुधवार को भी शिवाजी नगर क्षेत्र में एक सूने मकान से चोरी की घटना हुई थी। लगातार हो रही चोरियों से शहरवासियों में दहशत और पुलिस की गश्त व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और संभावित संदिग्धों से पूछताछ शुरू कर दी गई है।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** सागवाड़ा थाना क्षेत्र में एनएच 927-ए गुरुवार शाम के समय बरबोदनिया मोड के पास एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिले के सागवाडा थाने के एसआई ने बताया कि हिगडातलाई ओबरी निवासी धनपाल कलासुआ अपनी बाइक से सागवाडा में खरीददारी करने जा रहा था। इस दौरान बरबोदनिया मोड पर सागवाडा से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में धनपाल गंभीर घायल हो गया। गंभीर घायल धनपाल को सागवाडा अस्पताल पहुंचाया गया। जहां गंभीर हालत होने पर उसे प्राथमिक इलाज के बाद डूंगरपुर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। डूंगरपुर अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया। सूचना पर पुलिस व परिजन डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे। जहां शुक्रवार को पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## चेन स्नेचिंग गिरोह का मुख्य सरगना धरा

**उदयपुर, (कासं)।** बैक में डकैती का प्रयास करने वाले चेन स्नेचिंग गिरोह के मुख्य सरगना को सविना थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीखक छगनपुरोहित के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी राव अजयसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने आसूचना के आधार पर गत दिनों सीए सर्कल परस्थित पंजाब एण्ड सिंन्ध बैंक में उकैती की नियत से एटीएम में बैंक की स्ट्रोंग रूम में तोड़फोड़ करने वाली गैंग के वांछित मुख्य सरगना राजेश मीणा पुत्र लक्ष्मण मीणा निवासी शिव मंदिर के पास मगरी वाला घर रोशनजी की बाड़ी सविना को गिरफ्तार किया। राजेश मीणा के खिलाफ पूर्व में दस अपराधिक प्रकरण दर्ज है। आरोपी ने पूछताछ में 16 अगस्त को पीएनबी बैंक सीए सर्कल की वारदात व शहर में कई जगह चेन स्नेचिंग की वारदातें करना कबूल किया है।

# संतरों की आड़ में तस्करी करते अंग्रेजी शराब व बीयर जब्त



बिछीवाडा पुलिस ने पिकअप से अंग्रेजी शराब के साथ दो आरोपी पकड़े।

**डूंगरपुर, (निसं)।** बिछीवाडा थाना पुलिस द्वारा अवैध शराब के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत लगातार तस्करी कर गुजरात जाने वाली शराब के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जा रही है और उसी के तहत शुक्रवार को बिछीवाडा पुलिस ने संतरों की आड में अंगे जी शराब व बीयर परिवहन कर गुजरात ले जाते हुए एक पिकअप व दो आरोपियों को हिरासत में लिया है। पकडी गई शराब की कीमत लगभग साढे तीन लाख रूपया है। वही चौरासी थाना पुलिस ने एक कार से ढाई लाख रूपये की शराब व बीयर जब्त की है।

बिछीवाडा थाना प्रभारी कैलाश सोनी ने बताया कि मुखबीर के जरिये सूचना मिलने पर रतनपुर बोर्डर पर नाकाबंदी कर उदयपुर से अहमदाबाद जाने वाली एक महेन्द्रा पिकअप को रूकवा कर तलाशी ली तो पिकअप में उपर उपर संतरे भरे हुए थे। जब कि छानबीन करने पर नीचे शराब भरी हुई थी। वाहन को थाने पर लाकर कार्यवाही करते हुए 63 कार्टून अंग्रेजी शराब व बीयर जब्त की। जिसकी बाजार कीमत साढे तीन लाख रूपया है। पुलिस ने इस मामले में ललित सिंह पुत्र नारायण सिंह रावत तथा धमेन्द्र सिंह पुत्र कानसिंह रावत निवासी बिन कलालिया पुलिस थाना टाडगढ जिला अजमेर को आबकारी अधिनियम में गिरफ्तार किया तथा वाहन को भी जब्त कर लिया है। इसी तरह चौरासी थाना क्षेत्र में एक स्विट कार से अंग्रेजी शराब परिवहन करते हुए वाहन को जब्त किया। जबकि आरोपी मौके से फरार हो गया। मुखबीर के जरिये सूचना मिलने पर एक कार सीमलवाडा की ओर नाकाबंदी तोडकर आ रही थी, जिसका पुलिस ने लगभग 5 किलोमीटर तक पीछा किया तो कार चालक ने कार को गौरादा के अन्दर माताजी रोड पर छोड कर वहां से फरार हो गया। पुलिस ने कार में तलाशी के दौरान 27 कार्टून अंग्रेजी शराब व बीयर के बरामद किये, जिसकी बाजार कीमत लगभग 2.50 लाख रूपया है।

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाली छात्राओं को मिलेगा लाभ

**उदयपुर, (कासं)।** जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, राजस्थान सरकार की ओर से जयपुर स्थित शिक्षा कौशल प्रशिक्षण एवं ट्रेनिंग सेंटर, जनजाति भवन में जनजाति वर्ग की छात्राओं के लिए बड़ा अवसर प्रदान किया गया है। आईआईटी-जेईई/नीट 2026 एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाली जनजाति वर्ग की छात्राओं को अब जयपुर में नि:शुल्क आवास एवं भोजन की सुविधा दी जाएगी।

जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के आयुक्त कन्हैयालाल स्वामी ने बताया कि यह सुविधा मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के अंतर्गत चयनित छात्राओं को उपलब्ध कराई जाएगी, जो जयपुर में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही हैं और किराये पर कमरा लेकर रहने में असमर्थ हैं। इसके लिए पात्र छात्राओं 11 अक्टूबर से ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 27 अक्टूबर रहेगी। आयुक्त स्वामी ने बताया कि प्रवेश केवल अनुसूचित जनजाति वर्ग की छात्राओं को दिया जाएगा। जिन छात्राओं के अभिभावक जयपुर मुख्यालय पर नहीं रहते, आयकरदाता नहीं हैं और जयपुर से 20 किमी के दायरे में स्वयं का मकान नहीं है, वही पात्र होंगी। प्रवेश में बीपीएल परिवार, विकलांग छात्राएं, अनाथ एवं विधवा महिलाओं की बेटियों को प्राथमिकता दी जाएगी। प्रवेश के लिए मेरिट सूची 10 वीं ( आईआईटी-जेईई/नीट हेतु) एवं स्नातक परीक्षा (अन्य परीक्षाओं हेतु) के अंकों के आधार पर बनेगी। एक परिवार से अधिकतम दो छात्राओं को ही प्रवेश दिया जाएगा। चतुर्थ श्रेणी या समकक्ष के कर्मचारियों को छोडकर शेष राजकीय कर्मचारी की संतानों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। आयुक्त ने बताया कि नि:शुल्क भोजन व आवास सुविधा के लिए कुल सीटों में से 70 प्रतिशत सीटें अनुसूचित क्षेत्र की छात्राओं के लिए आरक्षित रहेंगी। 25 सीटें गैर-अनुसूचित क्षेत्र की छात्राओं के लिए तथा 5 प्रतिशत सीटें सहरिया क्षेत्र की छात्राओं के लिए आरक्षित रहेंगी।

## राज्यपाल उदयपुर प्रवास पर

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे 11 अक्टूबर से उदयपुर के प्रवास पर रहेंगे। जिला कलक्टर ने बताया कि बागडे शनिवार को सायं 6:30 बजे वायुयान डबोक एयरपोर्ट पहुंचेंगे। वहां से सड़क मार्ग द्वारा सर्किट हाउस उदयपुर आएंगे। उनका रात्रि विश्राम सर्किट हाउस उदयपुर में रहेगा।

अगले दिन 12 अक्टूबर को 10:00 बजे सर्किट हाउस से प्रस्थान कर 10.25 बजे डबोक स्थित जनार्दनराय नागर डीम्ड विवि के कृषि विज्ञान विद्यालय पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लेंगे। बागडे 11:35 बजे मोहनलाल सुखाडिया विवि पहुंचकर अधिकारियों से संवाद करेंगे। इसके पश्चात् सर्किट हाउस आएंगे।

### सार-समाचार

## उदयपुर ने जीते चार रजत व दो कांस्य

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान सॉफ्ट टेनिस संघ और चूरू जिला सॉफ्ट टेनिस संघ के संयुक्त तत्वावधान में रतनगढ, चूरु मैं संपन्न हुई। 9वीं राज्यस्तरीय सॉफ्ट टेनिस प्रतियोगिता में उदयपुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार रजत एवं तीन कांस्य पदक अपने नाम किये। उदयपुर सॉफ्ट टेनिस संघ की सचिन भावना बत्रा के अनुसार दलिय स्पर्धा में खेमराज गमेती, मोहनलाल गमेती, हर्षित वैष्णव, निशांत नागदा,सक्षम व वैदिक शर्मा की उदयपुर टीम ने पिछली विजेता जयपुर, हनुमानगढ़, कोटपूतली, बारां, कोटा व श्रीगंगानगर को पराजित कर रजत पदक जीता, स्वर्ण चूरू के नाम रहा। महिला वर्ग में संघर्षपूर्ण मुकाबले के बाद उदयपुर ने कांस्य पदक जीता, टीम में दृष्टि श्रीमाली, रक्षा वैष्णव, चंदा गमेती, डिंपल गमेती, रिजवाना व पुष्पलता सोनी तथा टीम मैनेजर मनोज श्रीमाली सम्मिलित थे। व्यक्तिगत मुकाबलों में पुरुष एकल में खेमराज गमेती एवं महिला वर्ग में दृष्टि श्रीमाली ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता वहीं महिला युगल में भी चंदा व डिंपल गमेती की बहनों की जोड़ी ने शानदार जुगलबंदी का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। पुरुष युगल मुकाबले में हर्षित वैष्णव एवं निशांत नागदा ने कांस्य जीता। उदयपुर सॉफ्ट टेनिस खिलाड़ियों की शानदार सफलता पर उदयपुर सांसद डॉ मन्नालाल रावत, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, कश्ती फाउंडेशन की श्रद्धा मुड़िया, जिला खेल अधिकारी डॉ महेश पालीवाल रोकवुड स्कूल के निदेशक दीपक शर्मा, सेंट ग्रेगोरियस स्कूल प्रधानाचार्य सुभा घोष, राउमावि धार प्रधानाचार्य डॉक्टर सत्यनारायण सुथार, राजस्थान सॉफ्ट टेनिस संघ के संयुक्त सचिव नीरज बत्रा ने खुशी जाहिर कर बधाइयां दी। प्रतियोगिता में पुरुष एवं महिला वर्ग में कुल 18 जिलों के 220 खिलाडियो ने भाग लेकर अपने उतकृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। राज्य संघ के सचिव अरविन्द कुमार टिक्कीवाल ने प्रतियोगिता में पधारे हुए अतिथियों, पदाधिकारी, खिलाडियों व प्रशिक्षकों का स्वागत कर अभिनंदन किया।

## प्रदेश में 1 लाख 94 हजार लीटर से अधिक वॉश नष्ट

**उदयपुर, (कासं)।** आबकारी आयुक्त शिवप्रसाद नकाते के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोक लगाने हेतु जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही करते हुए सितम्बर माह में 1 लाख 94 हजार 266 लीटर वॉश नष्ट किया गया। इसी क्रम में विभिन्न निरोधात्मक कार्यवाही में 823 केस दर्ज करते हुए 707 को गिरफ्तार किया। आबकारी आयुक्त के अनुसार प्रदेश में जारी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कार्यवाही की गई। प्रदेश में सितम्बर माह में 1 लाख 94 हजार 266 लीटर वॉश नष्ट किया गया। इसी क्रम में भारत निर्मित विदेशी मदिरा 10460, देशी मदिरा 4667, अवैध मदिरा 5885, बीयर 1902 बोतल सहित एक किलोग्राम भांग एवं 2094 लीटर स्प्रिट सीज किया। अतिरिक्त आबकारी आयुक्त प्रशासन ओपी जैन एवं अतिरिक्त आबकारी आयुक्त पॉलिसी प्रदीप सिंह सांगावत ने बताया कि प्रदेश में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत सितम्बर माह में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय में संलिप्तता पर राजस्थान आबकारी अधिनियम के तहत 823 केस दर्ज करते हुए 707 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। अवैध मदिरा परिवहन में प्रयुक्त 27 दुपहिया वाहन, 6 हल्के चार पहिया वाहन, 4 भारी चार पहिया वाहन सहित 37 वाहनों को सीज किया गया है।

## यूडीए ने जारी किए 123 पट्टे

**उदयपुर, (कासं)।** शहरी सेवा शिविर- 2025 के तहत उदयपुर विकास प्राधिकरण्पा कार्यालय परिसर में आयेजित कैम्प में यूडीए आयुक्त राहुल जैन ने प्रत्येक काउन्टर का निरीक्षण कर प्राप्त होने वाले परिवादों की निस्तारण की प्रक्रिया के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश प्रदान किये। कैम्प में उपस्थित आमजन से संवाद कर प्राप्त प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करवाया। यूडीए सचिव हेमेन्द्र नागर, जोन उपयुक्त सुरेन्द्र बी पाटीदार, जगदीश सिंह आशिया, तहसीलदार रणजीत सिंह विठ्ठू, अभिनव शर्मा, वरिष्ठ नगर नियोजक, सहायक नगर नियोजक आदि अधिकारिगण उपस्थित रहे। शुक्रवार को आयोजित शिविर में 123 पट्टे जारी किए गए। 3 फ्री होल्ड के पट्टे, 5 भवन मानचित्र प्रकरण, 18 नाम हस्तानांतरण, 2 उप- विभाजन/पुर्नगठन, 3 आवंटन पत्र, का निस्तारण किया गया। स्ट्रीट लाईट सहित अन्य समस्याओं को लेकर प्राप्त 216 प्रार्थना पत्रों का भी निस्तारण किया गया।

## जागरुकता के लिए कार्यक्रम

**उदयपुर, (कासं)।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में रविन्द्र नाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज, उदयपुर के मनोरोग विभाग में विभागाध्यक्ष डॉ सुरेश चंद गोचर के सानिध्य में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं एडीजे कुलदीप शर्मा रहे। इस वर्ष विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह की थीम आपदाओं एवं दुर्घटनाओं के समय मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं पर आधारित है जिस पर रेजिडेंट डॉक्टर डॉ निधि ने आपदाओं के दौरान होने वाले मानसिक समस्याओं एवं उनके रोकथाम के बारे में बताया। इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियां की गई।

## प्रविष्टियां आमंत्रित

**उदयपुर, (कासं)।** उदयपुर चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज(यूसीसीआई)द्वारा प्रति वर्ष फरवरी माह में आयोजित किये जाने वाले 'यूसीसीआई एक्सीलेंस अवार्ड'के लिए प्रविष्टिया आमंत्रित की गई है ।एक्सीलेंस अवार्ड के लिए संस्थान की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। यूसीसीआई के अध्यक्ष मनीष गलुण्डिया के अनुसार यह अवार्ड प्रति वर्ष यूसीसीआई के स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में वर्ष के दौरान उलेखनीय व्यवसायिक उपलब्धि हासिल करने तथा सामाजिक क्षेत्र में उलेखनीय योगदान के लिए दिया जाता है ।उन्होंने बताया कि पुरस्कारों के चयन के लिए मनीष गोधा के नेतृत्व में एक कमेटी का गठन किया गया है।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर छात्रों ने लिया भाग



गीतांजली में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर छात्रों ने भाग लिया।

**उदयपुर, (कासं)।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष में नर्सिंग कॉलेज के छात्र- छात्राओं एवं शिक्षकों के लिए मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित अवधारणाएँ कम करने तथा मानसिक बीमारियों के बारे में जानकारी प्रदान करने उदेश्य से आयोजन किया गया।

मनोचिकित्सा विभागाध्यक्ष डॉ जितेन्द्र जीनगर का कहना था कि मानसिक बीमारी किसी को भी हो सकती है, कोई भी इससे अछूता नहीं है यह बीमारिया किसी भी उम्र, जाती-धर्म, गांव- शहर, अमीर-गरीब के व्यक्ति को हो सकती हैं आचार्य डॉ मनु शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार शारीरिक बीमारियाँ होती है उसी प्रकार से मानसिक बीमारिया भी होती है हमे सिर्फ समय रहते मनोचिकित्सक की सलाह लेनी चाहिये। इसके अतिरिक्त डॉ भक्ति मुरके, डॉ धीरज गोया, डॉ राजीव रंजन राज एवं डॉ गौरव पुरोहित ने छात्रो को संबोधित किया और मानसिक रोगों से जुडी भ्रांतियों, समाज में बढ रहे नशे, मोबाइल एडिक्शन एवं मानसिक बीमारियों में काम ली जाने वाली दवाई के बारे में, नर्सिंग कर्मी एवं स्वास्थ्य संयोगियों की सहभागिता, जिम्मेदारियों के निर्वहन के विषय में चर्चा की गई ।

# विद्यार्थी अपनी लोकसंस्कृति और साहित्य से जुड़ेंगे : निवृत्ति कुमारी



पेसिफेस्ट सीजन को निवृत्ति कुमारी मेवाड ने संबोधित किया।

**उदयपुर, (कासं)।** पेसिफिक विवि द्वारा स्कूली विद्यार्थियों की प्रतिभा को उजागर करने और उन्हे बडा मंच प्रदान करने के उद्देश्य से पेसिफेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत नॉलेज क्विज, चित्राभिनय, पोस्टर निर्माण, वाद-विवाद, विज्ञान वैभव इंजीनियरिंग एवं विज्ञान प्रदर्शनी तथा कविता पाठ का आयोजन हुआ। आज एकल एवं समूह नृत्य, एकल गीत -सुर संगम प्रतियोगिता, आशु भाषण, निबंध लेखन एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

मुख्य अतिथि मेवाड के पूर्व राजपरिवार की सदस्य श्रीमती निवृत्ति कुमारी मेवाड ने विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए इस तरह के आयोजनों हेतु पेसिफिक विवि के योगदान की सराहना की। उन्होनें कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर ही विद्यार्थी अपनी लोकसंस्कृति और साहित्य से जुडते हैं तथा उनमें राष्ट्र भक्ति की भावना भी जागृत होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल के अनावश्यक प्रयोग से दूर रहने का आव्हान करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन अनमोल है इसका पूरा आनंद लीजिए और इसे सृजनात्मक कार्यो में लगाइए। मेवाड के पूर्व राजपरिवार की सदस्य निवृत्ति कुमारी मेवाड ने मातृभाषा एवं मेवाडी भाषा का प्रयोग करते हुए संवाद करने की बात कही, क्योंकि यह अभिव्यक्ति का सहज तरीका है और इससे विद्यार्थियों में मेवाड की धरा के प्रति गौरव की भावना बनी रहती है। गेस्ट ऑफ ऑनर सीडीईओ लोकेश भारती ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस प्रकार के सार्थक आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभाओं को सामने लाने तथा उन्हें अधिक ऊर्जावान बनाने में सहायक रहते हैं। साथ ही इससे विद्यार्थियों में जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होता है।

विशिष्ट अतिथि यूनेस्को एमजीआईपी के चेयरपर्सन प्रो. बी.पी. शर्मा ने कहा कि आज के ये किशोर विद्यार्थी ही कल के युवा और कर्णधार बनेंगे। पेसिफिक विवि के प्रेसिडेंट प्रो. हेमंत कोठारी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में समायोजन की क्षमता बढती है और वे अनेक नवाचारों से परिचित होते हैं। संयोजक, फैकल्टी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के चेयरपर्सन प्रो. दिलेंद्र हिरण ने कहा कि विद्यार्थियों का कौशल चाहे वह अकादमिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक या व्यावहारिक कौशल हो सभी का अपना-अपना महत्व है। इन सभी पर समेकित रूप से कार्य करने का प्रयास विवि द्वारा किया जा रहा है। आरंभ में होटल मैनेजमेंट संकाय के डायरेक्टर प्रो. वी. के. सिंह भदौरिया ने पेसिफेस्ट के कार्यक्रमों का परिचय दिया। कार्यक्रम के कन्वीनर, होटल मैनेजमेंट संकाय के सह-प्राचार्य जैकब जॉन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

■ **पेसिफेस्ट सीजन 3 का रंगारंग आगाज**

# उदयपुर में 'ग्रैंड कॉन्टिनेंट'-ए लक्जरी कलेक्शन बनेगा ठहरने व उत्सव का नया डेस्टिनेशन



ग्रैंड कॉन्टिनेंट होटल्स लिमिटेड के संस्थापक व प्रबंध निदेशक रमेश शिवा ने पत्रकारों को जानकारी दी।

**उदयपुर, (कासं)।** ग्रैंड कॉन्टिनेंट होटल्स लिमिटेड ने 'ग्रैंड कॉन्टिनेंट'-ए लक्जरी कलेक्शन उदयपुर के उद्घाटन की घोषणा की। यह नया होटल झीलों की नगरी उदयपुर के हृदयस्थल और प्रमुख पर्यटक स्थलों के करीब सुविधाजनक रूप से स्थित है, जो शहर के बढते हॉस्पिटैलिटी परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण आयाम जोडेगा। साथ ही यह होटल शहर के सिटी सेंटर के पास एक सुविधाजनक स्थान पर स्थित है। होटल का शुभारंभ शनिवार शाम 7 बजे किया जाएगा। यह जानकारी शुक्रवार को ग्रैंड कॉन्टिनेंट होटल्स लिमिटेड के संस्थापक और प्रबंध निदेशक रमेश शिवा ने दी। इस अवसर पर ग्रैंड कॉन्टिनेंट होटल्स लिमिटेड के डायरेक्टर विद्या रमेश, सीएफओ मिथुन जयरमन, सीओओ अभिजीत श्रीवास्तव, समाजसेवी एवं लैंड ओनर धर्मपाल डेमला उपस्थित थे।

ग्रैंड कॉन्टिनेंट होटल्स लिमिटेड के संस्थापक और प्रबंध निदेशक रमेश शिवा ने कहा कि हमें उदयपुर जैसे जीवंत शहर में अपना 25वां होटल लॉन्च करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। ग्रैंड कॉन्टिनेंट-ए लक्जरी कलेक्शन को वर्तमान समय और ट्रावेलर्स की अपेक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। हमारा उद्देश्य है कि व्यवसाय या भारत के सबसे खूबसूरत शहर उदयपुर घूमने आने वाले मेहमानों को यहाँ एक ही जगह पर बेहतरीन सेवा, आराम और विलासिता का अनुभव मिले। देशी विदेशी पर्यटकों और उत्सव कार्यक्रमों के लिए ग्रैंड कॉन्टिनेंट ब्रांड के तहत 'लक्जरी' हॉस्पिटैलिटी स्पेस में यह पहली पेशकश है, जिसे आज के व्यावसायिक और अवकाश बिताने के लिए यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्टाइल, आराम और असाधारण लक्जरी के साथ डिजाइन किया गया है जो असाधारण मूल्य पर उपलब्ध होगा। होटल में 103 शानदार ढंग से डिजाइन किए गए सुसज्जित कमरे हैं, जिनमें पाँच अलग-अलग श्रेणियां, प्रेसिडेंशियल सूट से लेकर डीलक्स कमरे तक, शामिल हैं।

प्रत्येक कमरा आधुनिक सुविधाओं से लैस है ताकि मेहमानों को आरामदायक स्टे मिल सके। यहां रूफ टॉप पर बना 'आसमान' स्वीमिंग पूल और डाइनिंग एरिया आने वाले पर्यटकों और उदयपुराइट्स को एक अलग ही अनुभव प्रदान करेगा। खान पान के शौकिनों के लिए एक ऑल-डे डाइनिंग मल्टी-कुजीन रेस्टोरेंट 'फ्लेवर्स' है जहां आगन्तुक दुनिया भर के पसंदीदा व्यंजन और स्थानीय स्वादिष्ट पकवान का मजा ले सकते हैं। कॉर्पोरेट और सामाजिक इवेंट्स के साथ ही किसी भी तरह के उत्सव के लिए, होटल में दो आधुनिक वेन्यू एक स्टेट-ऑफ-द-आर्ट बोर्डरूम, मीटिंग रूम में आधुनिक ऑडियो-विजुअल सुविधाएँ हैं। ये जगह बिजनेस मिटिंग, कॉन्फ्रेंस, इवेंट्स और मैरिज के लिए उपयुक्त है। अपनी रणनीतिक स्थिति, समकालीन सुविधाओं और गर्मजोशी भरी मेहमान नवाजी के साथ, ग्रैंड कॉन्टिनेंट-ए लक्जरी कलेक्शन, मेहमानों का स्वागत करने के साथ उदयपुर में गुणवत्ता-केंद्रित यात्रियों के लिए जल्द ही एक पसंदीदा गंतव्य बनने को तैयार है।

■ **अभूतपूर्व सुविधाओं और विलासिता भरी मेहमान नवाजी की नई परिभाषा से रूबरू होंगे देशी विदेशी पर्यटक**

2011 में स्थापित, इस गतिशील होटल व्यवसाय की स्थापना रमेश शिवा ने की थी, जो आतिथ्य क्षेत्र में 30 से अधिक वर्षो के अनुभव वाले एक अनुभवी व्यक्ति हैं। इस ब्रांड ने असाधारण सेवा और विलासिता प्रदान करने की अपनी दृढ प्रतिबद्धता के साथ भारत की अग्रणी होटल श्रृंखलाओं में प्रमुखता अर्जित की है। मध्यम-बाजार खंड की आवश्यकताओं को पूरा करते हुए, इस होटल समूह के पास भारत भर के 12 से अधिक प्रमुख शहरों में 25 संपत्तियों में फैले 1400 से अधिक कमरों का एक प्रभावशाली पोर्टफोलियो है। प्रमुख सुविधाजनक क्षेत्रों में रणनीतिक रूप से स्थित, प्रत्येक होटल को व्यावसायिक और अवकाश यात्रियों, दोनों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिजाइन किया है। यह ब्रांड आराम, सुविधा और परिष्कार का एक सामंजस्यपूर्ण मिश्रण बनाने पर गर्व करता है।

# राज्यपाल ऑल इंडिया अकाउंटिंग कॉन्फ्रेंस व इंटरनेशनल सेमिनार का करेंगे उद्घाटन



प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने लिफ्ट का फीता काटकर लोकार्पण किया।

**उदयपुर, (कासं)।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे शनिवार को उदयपुर प्रवास पर रहेंगे। वे सायं 6.30 बजे वायुयान से डबोक एयरपोर्ट पहुचेंगे। कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने बताया कि राज्यपाल रविवार को प्रात: 10.30 बजे डबोक स्थित स्कुल ऑफ एग्रीकल्चर साईंसेंस के सभागार में भारतीय लेखांकन परिषद उदयपुर शाखा एवं राजस्थान विद्यापीठ विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित दो दिवसीय ऑल इंडिया अकाउंटिंग कॉन्फ्रेंस एंड इंटरनेशनल सेमिनार का बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन करेंगे। प्रो. सारंगदेवोत ने बताया कि तैयारियॉ अंतिम चरण में है। समारोह पूर्व राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे को एनसीसी केडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया जायेगा। समारोह के विशिष्ठ अतिथि राजस्थान सरकार में लोक निर्माण, महिला एवं बाल विकास व बाल अधिकारिता राज्य मंत्री डॉ. मंजू बाघवार करेंगी। मुख्य वक्ता प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद्ब के सदस्य प्रो. गौरव वल्लभ होंगे। अध्यक्षता गोविन्द गुरू जनजाति विश्वविद्यालय बांसवाडा के कुलपति प्रो. के.एस. ठाकुर करेंगे। दो दिवसीय सेमीनार मे देश विदेश के 900 से अधिक लेखांकन शिक्षाविद् भाग लेंगे।

आयोजन सचिव एवं भारतीय लेखांकन परिषद् के सचिव प्रो. शूरवीर सिंह भाणावत ने बताया कि प्रतिनिधियों का शनिवार से आना शुरू हो जायेगा। सभी प्रतिभागियों का एयरपोर्ट, रेल्वे व बस स्टेण्ड पर राजस्थानी परम्परा के अनुसार स्वागत किया जायेगा। देश विदेश से आने वाले प्रतिभागियों को विद्यापीठ में किसी बात की कोई कमी न रहे इसका पूरा ध्यान रखा गया। इसी को ध्यान में रखते हुए एग्रीकल्चर महाविद्यालय में शुक्रवार को पंडित के विधि विधान के साथ कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत, कुलाधिपति भंवर लाल गुर्जर, प्रो. आईजे माथुर, प्रो. गजेन्द्र माथुर ने विद्यापीठ परिसर में स्थापित पहली लिफ्ट का फीता काटकर लोकार्पण किया। कुलपति प्रो. सारंगदेवोत ने बताया कि रविवार को सायं 6 बजे से एगीकल्चर महाविद्यालय सभागार में देश विदेश से आये प्रतिभागियों के लिए सांस्कृतिक संध्या का आायोजन किया जायेगा जिसमें मांगणिया एवं पारम्परिक लोक गायक भुटट्रे खान अपनी टीम के साथ लोक गीतों की प्रस्तुति देंगे। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. पारस जैन, डॉ. शिल्पा लोढा, डॉ. शिल्पा वर्डिया, डॉ. अभय कुमार जारौली, डॉ. युवराज सिंह राठौड, प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. अमी राठौड, डॉ. रचना राठौड, सुभाष बोहरा, उमराव सिंह राणावत, डॉ. रोहित कुमावत, डॉ. सौरभ सिंह, डॉ. हिम्मत सिंह चुण्डावत, सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 69 वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

डूंगरपुर। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, करवा खास में आयोजित 69 वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता सत्र-2०25-26 का चार दिवसीय भव्य समापन समारोह शुक्रवार को उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। 8 से 11 अक्टूबर तक चली इस प्रतियोगिता में 14 वर्ष आयु वर्ग के छात्र-छात्राओं ने एथलेटिक्स और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए खेल भावना का अद्भुत परिचय दिया। समापन समारोह का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन से हुआ।

विद्यालय परिसर को रंगीन झंडों, फूलों व पोस्टरों से सुसज्जित किया गया था। खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट कर खेल भावना और अनुशासन का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।

विधायक उमेश डामोर ने बढाया खिलाडियों का हौसला समापन समारोह में आसपुर विधायक उमेश डामोर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और खिला?ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने अपने संबोधन में खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा किए। खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि यह जीवन में टीम भावना, अनुशासन,आत्मविश्वास और नेतृत्व की भावना भी विकसित करते हैं। खिलाडियों को जीत-हार से ऊपर उठकर खेल भावना के साथ खेलना चाहिए,क्योंकि यही जीवन की असली जीत है। विधायक उमेश डामोर ने इस बात पर जोर दिया कि ग्रामीण अंचलों की प्रतिभा असीम है और सही मंच मिलने पर ये बच्चे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने सफल आयोजन के लिए विद्यालय परिवार और आयोजन समिति की मुक्त कंठ से सराहना की। स्वागत समारोह का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत और दीप प्रज्वलन से हुआ। विद्यालय परिसर को रंगीन झंडों, फूलों और पोस्टरों से आकर्षक रूप से सजाया गया था। खिला?ियों ने अनुशासन और खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए भव्य मार्च पास्ट किया। इस दौरान अतिथियों का ग्रामीण प्रतिनिधियों द्वारा तिलक, माल्यार्पण, पगडी और उर्पणा से पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ स्वागत किया गया। कार्यक्रम में आसपुर विधायक उमेश डामोर,आसपुर बीसीसी प्रभारी हीरालाल हरमोर खरोडिया, देवापुरी मंडल अध्यक्ष धनजी भाई बुज, दिग्विजय सिंह चुण्डावत करेलिया, पंचायत समिति सदस्य मुकेश प्रजापत, अरजी भाई कोटवाल, राजकुमार खराडी, गमेती रतन भाई, गटू भाई, सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। ग्रामवासियों और विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा,जिसमें विभिन्न विद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने दौड, लंबी कूद, ऊँची कूद, गोला फेंक जैसे एथलेटिक्स खेलों के साथ-साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में भी हिस्सा लिया।

## कार्यशाला का आयोजन

**बांसवाड़ा,** (निसं)। लीयो कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग की ओर से एआईसीटीई स्टार्टअप स्किल कार्यक्रम के अंतर्गत स्किल्स फॉर बेटर लिविंग विषयक कार्यशाला हुई।

लीयो संस्थान के निदेशक मनीष त्रिवेदी बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कॉलेज के विद्यार्थियों को स्किन केयर रूटीन और हेयर केयर की व्यावसायिक तकनीकों के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था। एआईसीटीई के स्टार्टअप स्किल कार्यक्रम के तहत आयोजित यह कार्यशाला छात्रों के कौशल विकास पर केंद्रित थी। मुख्य प्रशिक्षक प्रीति शर्मा ने विद्यार्थियों को स्किन और हेयर केयर से जुडी महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने नेचरल एंड होममेड रेमेडीज के बारे में चर्चा करते हुए कॉमन स्किन एंड हेयर प्रॉब्लम्स के समाधान पर विशेष बल दिया। विद्यार्थियों ने इस सत्र में अत्यधिक सक्रियता दिखाई और विषय से संबंधित जिज्ञासाओं को प्रकट किया। कार्यशाला के दौरान छात्राओं ने असाधारण उत्साह प्रदर्शित किया। स्किन केयर रूटीन बनाने की तकनीकों, हेयर केयर के वैज्ञानिक तरीकों और प्राकृतिक उपचारों के प्रति उनकी गहरी रुचि देखने को मिली। कार्यशाला एआईसीटीई के शैक्षिणक निर्देशों के अनुरूप आयोजित की गई। आयोजन एवं संचालन गृह विज्ञान विभाग व्याख्याता रीना उपाध्याय के निर्देशन में हुआ।

## अधेड़ की मौत

**उदयपुर,** (कासं)। कुराबड़ थाना क्षैत्र मेंआमने सामने दो बाईक की भिडंत में अधेड़ की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सांय जामरकोटड़ा थानाक्षैत्र मउडी जालों का गुडा रोड़ पर आमने सामने दो बाइक की भिडंत हो गई। हादसे में बाइक चालक उपली सदकडी सराड़ा थाना सेमारी निवासी शंकरलाल मीणा गंभीर घायल हो गया।

# रंगरोगन के आदेश पर पुनर्विचार की मांग

**डूंगरपुर,** (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने दीपावली बोनस की राशि में वृद्धि कर सम्पूर्ण राशि नकद देने एवं विद्यालय रंगरोगन के आदेश पर समय सीमा बढाने की मांग की है।

संगठन के जिलाध्यक्ष शंकरलाल कटारा, जिला मंत्री सुदर्शन सिंह चौहान एवं जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रतिवर्ष राज्य कर्मचारियों को दिए जाने वाले दीपावली बोनस का वास्तविक उद्देश्य त्योंहार के अवसर पर आर्थिक सहयोग प्रदान करना होता है। जिससे वे अपने परिवार के साथ इस त्योंहार को हर्षोल्लास से मना सकें, लेकिन दीपावली त्योंहार में महज एक सप्ताह का समय शेष रहने के उपरांत अभी तक बोनस राशि की घोषणा नहीं की गई है। जिससे राज्य कर्मियों को समय पर बोनस राशि मिलने पर संदेह है। वहीं दूसरी और महंगाई के हिसाब से पिछले 9 वर्षों से बोनस राशि में बढोतरी भी नही की गई है। साथ ही बोनस राशि की 25 फीसदी राशि जीपीएफ में जमा कर दी जाती है। जिससे आम कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। संगठन का आग्रह है कि मंहगाई को देखते हुए बोनस राशि में वृद्धि कर कर्मचारियों को सम्पूर्ण बोनस राशि नकद देने की तत्काल घोषणा की जानी चाहिए। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ.ऋषिन चौबीसा, मंडल उपाध्यक्ष देवीलाल पाटीदार एवं विभाग संगठन मंत्री प्रवीण जैन ने बताया कि वर्तमान में परिवीक्षाधीन कार्मिकों को दीपावली बोनस नहीं दिया जाता है, यह स्थिति सर्वथा अन्यायपूर्ण है क्योंकि पूर्ण वेतनमान न मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति पहले ही कमजोर रहती है। परिवीक्षाधीन कार्मिकों को भी बोनस प्रदान किया जाना चाहिए। साथ ही राज्य सरकार के निर्देश पर शिक्षा निदेशालय द्वारा हाल ही में समस्त विद्यालयों में रंग-रोगन करने का विभागीय आदेश जारी किया गया है,लेकिन दीपावली के त्यौहार में महज एक सप्ताह का ही समय शेष है।इस आदेश पर पुनर्विचार किया जाना समाचीन है। संगठन के नवनीत भट्ट,कांता परमार, बलवंत बामणिया, दिनेश जैन सहित पदाधिकारियों ने मिड-डे-मील की कुकिंग कन्वर्जन राशि एवं कुक कम हेल्पर की तीन माह की बकाया राशि दीपावली अवकाश से पूर्व जमा करने की मांग की है।

## मामला दर्ज

उदयपुर,10 अक्टूबर। हाथीपोल थाना पुलिस ने सीसी लिमिट के एवज में बिना बताए पीडित के भूखंड गिरवी रखने वाले बैंक मैनेजर व अन्य के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित विरेन्द्र पुत्र दलजीत भण्डारी निवासी भण्डारी कोल्ड हाउस प्रा.लि. बीएमआईए उदयपुर ने सिण्डिकेट बैंक मधुवन हाल केनरा बैंक के खिलाफ प्रकरण दर्ज करावाया। जिसमें पीडित ने बताया कि बैंक से वर्ष 2009 में 45 लाख रूपये की सीसी लिमिट ली थी। इस दौरान कोई संपत्ति गिरवी नहीं रखी। वर्ष 2012 में सीसीलीमीट बढानें के लिए संपर्क किया। इस दौरान बैंक मैनेजर ने भूखंड संख्या 172 बी व 173 बी के दस्तावेज देखने के लिए मंगवाए थे। जिन्हें बैंक ने वापस नहीं लौटाए।

## मन को विराट बनाने वाली शिक्षा हो : प्रो.दुबे

**बांसवाड़ा,** (निसं)। राजकीय कन्या महाविद्यालय में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में व्याख्यान का आयोजन प्राचार्या डॉ सरला पंड्या की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. सर्वजीत दुबे ने कहा कि आज अनेक प्रकार के मनोरोगी समाज को कहीं धर्म के आधार पर तो कहीं जाति के आधार पर बांटने के लिए तुले हुए हैं तो दूसरी तरफ दुराचार व भ्रष्टाचार समाज को दीमक की तरह चट करने पर तुले हुए हैं ऐसे में मन को ठीक शिक्षा नहीं मिली तो सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश पर जूते फेंकने जैसी घटना में भारी बढोतरी हो सकती है।

# जीजीटीयू में बीएड पाठ्यक्रम में पहली बार सेमेस्टर प्रणाली लागू

**बांसवाड़ा,** (निसं)। गोविंद गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय ने शिक्षक शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए शिक्षा संकाय में पहली बार सेमेस्टर प्रणाली लागू कर दी है। यह परिवर्तन 2 वर्षीय बीएड एवं 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड पाठ्यक्रमों में लागू होगा जिससे शिक्षण प्रशिक्षण में गुणवत्ता, निरंतर मूल्यांकन और व्यावहारिकता को बढ़ावा मिलेगा।

विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यशाला में बांसवाड़ा, डूंगरपुर एवं प्रतापगढ़ जिलों के 47 शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं संचालक शामिल हुए। इस अवसर पर नई परीक्षा पद्धित और पाठ्यक्रम संरचना पर चर्चा की गई ताकि विद्यार्थी नई प्रणाली को सही ढंग से समझ सकें और उसके अनुरूप अपनी तैयारी कर सकें। कुलगुरु प्रो. केएस ठाकुर ने कहा कि नई शिक्षा नीति एनईपी-2020 के तहत लागू की गई यह प्रणाली शिक्षक शिक्षा में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम है। यह बदलाव शिक्षार्थियों को सतत सीखने और आत्ममूल्यांकन के अवसर प्रदान करेगा। परीक्षा नियंत्रक प्रो. प्रमोद वैष्णव ने बताया कि 2 वर्षीय बीएड में अब 4 सेमेस्टर तथा 4 वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड में 8 सेमेस्टर होंगे। दिसंबर माह में प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। पावर पाइंट प्रस्तुति के माध्यम से पाठ्यक्रम संरचना, क्रेडिट प्रणाली, मूल्यांकन पद्धित और परीक्षा आयोजन की प्रक्रिया का विवरण दिया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों के हित में विश्वविद्यालय ने प्रत्येक सेमेस्टर के लिए विषयवार अधिगम परिणाम और आंतरिक मूल्यांकन प्रणाली को और अधिक पारदर्शी बनाया है, जिससे छात्र नयी प्रणाली को गहराई से समझ सकें और उसके अनुसार अपनी अध्ययन रणनीति विकसित कर सकें।

जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

साइबर सुरक्षा के लिए जागरूकता जरुरी : सीआई सरोज बैरवा

राजसमन्द, (निसं)। बाल अधिकारों की महत्ता को समझाने व बाल अधिकारों,बाल श्रम,बाल यौन शोषण,साइबर अपराध की रोकथाम के प्रति सजग करने के उद्देश्य से आज बाल अधिकारिता विभाग एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक दीपेन्द्र सिंह शेखावत के निर्देशानुसार बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित चाइल्ड हेल्प लाइन परियोजना द्वारा बाल विवाह,साइबर अपराध ,बाल अधिकारों पर राजकीय उच्च माध्यमिक एवं माध्यमिक बालिका विद्यालय रिछेड़ राजसमन्द में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया ।जिला समन्वयक गेहरी लाल गुर्जर द्वारा बाल अधिकारों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए सुरक्षित-असुरक्षित स्पर्श की पहचान के बारे में जानकारी दी उन्होंने बच्चों को बताया कि यदि कोई अनजान व्यक्ति या परिवार का ही कोई सदस्य भी उनके साथ असुरक्षित स्पर्श करता है तो आप उसकी जानकारी भरोसेमंद व्यक्ति माता पिता ,अध्यापक को जरुर बताये ।

# गिव-अप अभियान से वंचितों को मिला हक : सुमित गोदारा

**उदयपुर,** (कासं)। प्रदेश में अब तक 38 लाख 17 हजार 565 लाभार्थियों ने गिव-अप अभियान के तहत स्वेच्छा से योजना का त्याग किया है जिनकी संख्या में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। गिव-अप करने वालों में उदयपुर जिले के 1 लाख 29 हजार 622 लोग शामिल हैं, जिससे जिले की प्रदेश में 27वीं रैंक है। वहीं उदयपुर जिले में वर्तमान में 112 राशन दुकानें रिक्त हैं, जबकि पूरे प्रदेश में करीब 2,400 उचित मूल्य की दुकानें खाली हैं। इन सभी का आवंटन 31 अक्टूबर तक पूरा कर दिया जाएगा, ताकि उपभोक्ताओं को और अधिक सहूलियत मिल सके।

यह बात खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग मंत्री सुमित गोदारा ने शुक्रवार को उदयपुर में पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कही। मंत्री गोदारा ने बताया कि ई-केवाईसी न करवाने और गिव-अप करने वाले कुल 65 लाख लोगों के योजना से बाहर होने के बाद नए पात्र लोगों को मौका मिला। उदयपुर जिले में 1 लाख 96 हजार 248 नए पात्र लोगों को योजना से जोड़ा गया, जो पहले वंचित थे। फिलहाल जिले में केवल 1,620 आवेदन लंबित हैं, जिनका शीघ्र निस्तारण कर दिया जाएगा। मंत्री गोदारा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि आगामी त्यौहारों पर सक्षम लोग स्वेच्छा से गिव-अप करें ताकि वंचित पात्र परिवारों तक योजना का लाभ पहुँच सके।

इससे पूर्व उन्होंने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली और विभागीय योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत जानकारी ली। बैठक में मंत्री ने एनएफएसए आवेदनों की वर्षवार प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि आमजन को आधार सीडिंग में आ रही समस्याओं को शीघ्र दूर किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना ई-केवायसी के नवंबर माह का गेहूं वितरित नहीं किया जाएगा। साथ ही यह भी कहा कि विशेष परिस्थितियों में जिला कलेक्टर जरूरतमंद लोगों को एनएफएसए योजना से जोड़ सकते हैं।

# भारतीय ज्ञान परंपरा विषयक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**बांसवाड़ा,** (निसं)। गोविन्द गुरु जनजातीय विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, परंपरा, विज्ञान और दर्शन की गहराई को समझने तथा उसमें निहित जीवन मूल्यों को आत्मसात करने के उद्देश्य से भारतीय ज्ञान परंपरा विषयक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के संस्कृत एवं हिन्दी संकाय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। मुख्य अतिथि उपकुलसचिव प्रो. राजेश जोशी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा अत्यंत विशद और वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाली है, जो केवल धर्म या आस्था नहीं, बल्कि जीवन जीने की संतुलित पद्धित है। उन्होंने कहा कि वागड की भूमि सदैव परंपरा और प्रकृति के सम्मान की प्रतीक रही है। अत: हमें पारंपरिक कृषि ज्ञान और कौशल को आधुनिक तकनीक के साथ जोडने की दिशा में कार्य करना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि परीक्षा नियंत्रक प्रो. प्रमोद वैष्णव ने संस्कृत भाषा की वैज्ञानिकता और व्यावहारिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्कृत केवल धार्मिक अनुष्ठानों की भाषा नहीं, बल्कि गणित, रसायन, चिकित्सा और खगोल विज्ञान की जननी है। उन्होंने हिन्दी और संस्कृत भाषाओं के साम्य को सरल उदाहरणों द्वारा स्पष्ट किया।

भारतीय वनस्पति परंपरा: विज्ञान और संस्कृति का संगम

अकादमिक प्रभारी प्रो शफकत राना ने अपने विचारों में भारतीय परंपरा में निहित वनस्पति विज्ञान के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों में पौधों को केवल पूजा या आस्था का प्रतीक नहीं माना गया, बल्कि जीवन और पर्यावरण के संरक्षण के अनिवार्य अंग के रूप में देखा गया है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि तुलसी को ऑसीमम सैक्टम कहा जाता है जिसका अर्थ जीवन की रक्षा करने वाली देवी कहा गया है क्योंकि इसके पत्तों में रोगाणु रोधी, श्वसन तंत्र को सशक्त करने वाले और वायु को शुद्ध करने वाले गुण पाए जाते हैं।


प्रारूप 10 (नियम-6 (7) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपरिषद राजसमन्द**

क्रमांक- 3796 **लोक सूचना** दिनांक 09/10/2025

श्री दत्तात्रेय शिक्षा समिति जरिये श्रीमती रतना गोस्वामी पत्नी श्री हंसराज गोस्वामी निवासी डी-7 कालिंदी विहार स्टेशन रोड कांकरोली तहसील व जिला राजसमन्द इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् -

| क्र. सं. | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा नं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|
| 1 | राजसमन्द | भावा | 881/3<br>2018/8<br>882/8<br>1995/882<br>882/1 | रकबा 0.1619 हैक्टेयर<br>रकबा 0.3642 हैक्टेयर<br>रकबा 0.1416 हैक्टेयर<br>रकबा 0.0890 हैक्टेयर<br>रकबा 0.1093 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप हैं तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत, समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 09.10.2025 को जारी की गयी।

**प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपरिषद, राजसमन्द**



**DIRECTORATE OF EXTENSION EDUCATION**
Maharana Pratap University of Agriculture & Technology
Outside Surajpole, Udaipur (Raj.) - 313001. Ph. No.: 0294-2417697

F. No. DEE/MPUAT/Estt./2025/3523 Dated: 10.10.2025

**WALK IN INTERVIEW**

A walk in interview to engage contractual Senior Research Fellow (SRF) in the project mentioned below, will be held at Directorate of Extension Education, Udaipur on 28.10.2025 at 11.30 AM. The engagement shall be purely on contractual basis and can be terminated at any time without any notice.

| Name of project and place of working | No. of post | Emolument per month (Rs.) | Qualification |
|---|---|---|---|
| National Innovations in Climate Resilient Agriculture (NICRA) at KVK, Bhilwara | 01 | 37000/- + HRA as per rules | M.Sc. Agriculture |

**Special conditions:**

1. Candidate should have experience in Agriculture field
2. Knowledge of computer application in data analysis/documentation

**Note:** (1) No TA/DA shall be admissible for attending interview. (2) Right of engagement is reserved with the undersigned. (3) Candidates should bring a singed copy of bio-data, original certificates along with self attested photocopies and latest photograph. (4) Age: Minimum 21 years and maximum 45 years for women and 40 years for men.

**Director Extension Education**



**कार्यालय नगर परिषद, राजसमंद**
**जिला-राजसमंद**

क्रमांक : नपरा/राजस्व/2025-26/3782 दि. 8.10.2025

**आपत्ति सूचना पत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री देवीलाल पिता श्री छगनलालजी कुमावत निवासी धोइंदा जिला-राजसमंद द्वारा पैतृक/ खरीदशुदा से प्राप्तशुदा आवासीय/ वाणिज्यिक पट्टेशुदा भूखण्ड/मकान जो राजस्व ग्राम-कांकरोली के आराजी नं. 5152 पट्टा नम्बर 349/96 दिनांक 18. .1996 भूखण्ड का क्षेत्रफल 3303.00 वर्गफीट का पट्टा जारी किया गया। आवेदक द्वारा क्रय शुदा/प्राप्तशुदा उक्त भुखंड सं. 06 का क्षेत्रफल 200.00 वर्गफीट का उपविभाजन/एकीकरण/ नामांतरण चाही गई है जिसके पड़ौस निम्नानुसार है

| | | | |
|---|---|---|---|
| पूर्व | 10'0'' | पड़ौस | रास्ता 20 फीट चौड़ा |
| पश्चिम | 10'0'' | पड़ौस | गली व बालकृष्ण स्टेडियम |
| उत्तर | 20'0'' | पड़ौस | दुकान नं. 07 |
| दक्षिण | 20'0'' | पड़ौस | दुकान नं. 05 |

उपरोक्त आवेदित भूखण्ड/भवन का उपविभाजन/ एकीकरण/नामान्तरण जारी करने में यदि किसी हितधारी को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति सूचना प्रकाशित होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। बाद मयाद कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**आयुक्त**
**नगर परिषद, राजसमंद**



**कार्यालय नगर परिषद, राजसमंद**
**जिला-राजसमंद**

क्रमांक : नपरा/राजस्व/2025-26/3789 दि. 8.10.2025

**आपत्ति सूचना पत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री मगनीरामजी निवासी धोइंदा तहसील व जिला-राजसमंद द्वारा पैतृक/ खरीदशुदा से प्राप्तशुदा आवासीय/ वाणिज्यिक पट्टेशुदा भूखण्ड/मकान जो राजस्व ग्राम-कांकरोली के आराजी नं. 5152 पट्टा नम्बर 349/96 दिनांक 18. .1989 भूखण्ड का क्षेत्रफल 3303.00 वर्गफीट का पट्टा जारी किया गया। आवेदक द्वारा क्रय शुदा/प्राप्तशुदा उक्त भुखंड सं. 07 का क्षेत्रफल 200.00 वर्गफीट का उपविभाजन/एकीकरण/ नामांतरण चाही गई है जिसके पड़ौस निम्नानुसार है

| | | | |
|---|---|---|---|
| पूर्व | 10'0'' | पड़ौस | रास्ता 20 फीट चौड़ा |
| पश्चिम | 10'0'' | पड़ौस | गली व बालकृष्ण स्टेडियम |
| उत्तर | 20'0'' | पड़ौस | दुकान नं. 08 |
| दक्षिण | 20'0'' | पड़ौस | दुकान नं. 07 |

उपरोक्त आवेदित भूखण्ड/भवन का उपविभाजन/ एकीकरण/नामान्तरण जारी करने में यदि किसी हितधारी को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति सूचना प्रकाशित होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। बाद मयाद कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**आयुक्त**
**नगर परिषद, राजसमंद**



**कार्यालय नगरपालिका भीण्डर जिला उदयपुर (राज.)**
दूरभाष सं. 02957-250206 ई-मेल : palikabhinder@gmail.com

क्रमांक : न.पा.भी. / भूमि / 2025-26 / 1656 दिनांक : 01.10.2025

**आपत्ति सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पालिका भीण्डर में शहरी सेवा शिविर 2025 में स्टेट ग्रान्ट एक्ट / 69ए / कृषि भूमि नियमन / पट्टा पुनर्वैध / नामान्तरण / उपविभाजन / एकीकरण / आवंटन / भवन निर्माण स्वीकृति कराने हेतु कार्यालय में निम्न आवेदन प्राप्त हुये है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी व्यक्ति / हितधारी / संस्था / अन्य को किसी भी प्रकार की आपत्ति / उज्रदारी हो तो 03 दिवस में कार्यालय में लिखित रूप से मय दस्तावेज के साथ अपनी उज्रदारी प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति इस कार्यालय द्वारा मान्य नही होगी तथा शहरी सेवा शिविर 2025 में प्राप्त आवेदनों पर इस कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

| क्र. स. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | आवेदित भूखण्ड का माप |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती शबाना बेगम पिता श्री मुमताजअली | गिरिवरपोल अन्दर वार्ड न. 05 भीण्डर | 920.15 वर्गफीट |
| 2 | श्री संजय कुमार पिता स्व. श्री भंवरलाल वया | दर्जियो के पास पदमपुरा वार्ड न. 03 भीण्डर | 636.664 वर्गफीट |
| 3 | श्री राखी लाल मोची पत्नि स्व. श्री चतरभूज जी मोची | विद्युत विभाग के पास, गुलाब कालोनी वार्ड न. 24 भीण्डर | 440.91 वर्गफीट |
| 4 | श्री सत्य नारायण मोची पिता स्व. श्री चतरभूज मोची | बाहर का शहर, वार्ड न. 22 भीण्डर | 317.5 वर्गफिट |
| 5 | श्री मुजीब मोहम्मद पिता श्री मुबारिक हुसैन जी पिंजारा | भूखण्ड संख्या 05, योजना सुल्तानियां विहार सुल्तानियां रोड भीण्डर | 1200 वर्गफीट |

राज.संवाद / सी / 25 / 11900 **अधिशाषी अधिकारी**



**कार्यालय नगरपालिका कानोड, जिला-उदयपुर (राज.)**

क्रमांक : न.पा.का. / भूमि / 2025-26 / 924 दिनांक : 06.10.2025

**आपत्ति विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पालिका कानोड में शहरी सेवा शिविर 2025 में स्टेट ग्रान्ट एक्ट / 69ए / कृषि भूमि नियमन / पट्टा पुनर्वैध / नामान्तरण / उपविभाजन / एकीकरण / भवन निर्माण स्वीकृति कराने हेतु कार्यालय में निम्न आवेदन प्राप्त हुये है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी व्यक्ति / हितधारी / संस्था / अन्य को किसी भी प्रकार की आपत्ति / उज्रदारी हो तो 03 दिवस में कार्यालय में लिखित रूप से मय दस्तावेज के साथ अपनी उज्रदारी प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति इस कार्यालय द्वारा मान्य नही होगी तथा शहरी सेवा शिविर 2025 में प्राप्त आवेदनों पर इस कार्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

| क्र. स. | आवेदक का नाम व पता | आवेदित सम्पत्ति का पता | आवेदित भुखण्ड का माप | आवेदन जिसके लिये किया गया है। |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री भगवान लाल पिता श्री स्व. श्री रतनलाल | इन्द्रप्रस्त कॉलोनी ब्रह्मपुरी वार्ड न. 04 कानोड | 1320 वर्गफीट | 69 ए |
| 2 | श्री पुष्पेन्द्र कुमार जोशी पिता गिरिजा शंकर जोशी | धीगों का घाटी, बाबेलों का मोहल्ला वार्ड न. 11 कानोड | 939.973 वर्गफीट | 69 ए |
| 3 | श्री दीनदयाल चौबीसा पिता स्व. श्री किशन वल्लभ चौबीसा एवं श्रीमती हंसा चौबीसा पत्नि श्री दीनदयाल चौबीसा | ब्रह्मपुरी वार्ड न. 06 कानोड | 1124.77 वर्गफीट | 69 ए |
| 4 | श्री भंवरलाल ओड पिता स्व. भगवान लाल ओड | ओडो की गली वार्ड नम्बर 13 कानोड | 1251.66 वर्गफीट | नामान्तरण |

राज.संवाद / सी / 25 / 11898 **अधिशाषी अधिकारी**



**कार्यालय नगर परिषद, राजसमंद**
**जिला-राजसमंद**

क्रमांक : नपरा/राजस्व/2025-26/3785 दि. 8.10.2025

**आपत्ति सूचना पत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रतनलाल पिता श्री वरदीचन्द जी कुमावत निवासी पीपली आचार्यान तहसील व जिला-राजसमंद द्वारा पैतृक/ खरीदशुदा से प्राप्तशुदा आवासीय/ वाणिज्यिक पट्टेशुदा भूखण्ड/मकान जो राजस्व ग्राम-कांकरोली के आराजी नं. 5152 पट्टा नम्बर 349/96 दिनांक 18. .1989 भूखण्ड का क्षेत्रफल 3303.00 वर्गफीट का पट्टा जारी किया गया। आवेदक द्वारा क्रय शुदा/प्राप्तशुदा उक्त भुखंड सं. 04 का क्षेत्रफल 200.00 वर्गफीट का उपविभाजन/एकीकरण/ नामांतरण चाही गई है जिसके पड़ौस निम्नानुसार है

| | | | |
|---|---|---|---|
| पूर्व | 10'0'' | पड़ौस | रास्ता 20 फीट चौड़ा |
| पश्चिम | 10'0'' | पड़ौस | गली व बालकृष्ण स्टेडियम |
| उत्तर | 20'0'' | पड़ौस | दुकान नं. 06 |
| दक्षिण | 20'0'' | पड़ौस | दुकान नं. 03 |

उपरोक्त आवेदित भूखण्ड/भवन का उपविभाजन/ एकीकरण/नामान्तरण जारी करने में यदि किसी हितधारी को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति सूचना प्रकाशित होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। बाद मयाद कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**आयुक्त**
**नगर परिषद, राजसमंद**



**कार्यालय नगर परिषद, राजसमंद**
**जिला-राजसमंद**

क्रमांक : नपरा/राजस्व/2025-26/3779 दि. 8.10.2025

**आपत्ति सूचना पत्र**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मंजु कोठारी पत्नी श्री वरदीचंद कोठारी निवासी शांति नगर कॉलोनी नई आबादी कांकरोली तहसील व जिला-राजसमंद द्वारा पैतृक/ खरीदशुदा से प्राप्तशुदा आवासीय/ वाणिज्यिक पट्टेशुदा भूखण्ड/मकान जो राजस्व ग्राम-कांकरोली के आराजी नं. 5152 पट्टा नम्बर 349/96 दिनांक 18. .1989 भूखण्ड का क्षेत्रफल 3303.00 वर्गफीट का पट्टा जारी किया गया। आवेदक द्वारा क्रय शुदा/प्राप्तशुदा उक्त भुखंड सं. 08 का क्षेत्रफल 200.00 वर्गफीट का उपविभाजन/एकीकरण/ नामांतरण चाही गई है जिसके पड़ौस निम्नानुसार है

| | | | |
|---|---|---|---|
| पूर्व | 10'0'' | पड़ौस | रास्ता 20 फीट चौड़ा |
| पश्चिम | 10'0'' | पड़ौस | गली |
| उत्तर | 20'0'' | पड़ौस | रोशनलालजी की दुकान |
| दक्षिण | 20'0'' | पड़ौस | प्रकाश देवी की दुकान |

उपरोक्त आवेदित भूखण्ड/भवन का उपविभाजन/ एकीकरण/नामान्तरण जारी करने में यदि किसी हितधारी को कोई आपत्ति हो तो आपत्ति सूचना प्रकाशित होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। बाद मयाद कोई आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी।

**आयुक्त**
**नगर परिषद, राजसमंद**



**कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)**

क्रमांक: F.7( )B.PLAN/MISC/2025-26/1610 **आम सूचना** दिनांक : 9/10/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा दिनांक 14-10-2024 को विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियां (Development Promotion & Control Regulations) हेतु जारी अधिसूचना एवं इसकी निरन्तरता मे समय-समय पर जारी आदेशों / परिपत्रों / अधिसूचनाओं आदि की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम/ योजना | खसरा संख्या /ब्लॉक संख्या | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | भूखण्ड / भूमि की स्थिति | भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री मनीष दौलत भाई मिस्त्री पिता श्री दौलत भाई मोतीलाल मिस्त्री | बेडवास | 970 से 979, 982, 983, 986, 1011 से 1017, 109 से 1033, 1039 से 1040, 1087 से 1115, 1117 से 1124, 3433/1117 | संयुक्तिकृत भूखण्ड - 86 (दक्षिण भाग) + 86 (उत्तरी भाग) | 2800.00 वर्गफीट | माउण्ट व्यू स्कूल से मेघा आवास योजना को जाने वाली 100 फीट सड़क पर लॉटस इंटिरियर्स के समीप स्थित है। | आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |

नगरीय विकास एवं स्वायत शासन विभाग, जयपुर द्वारा दिनांक 01-10-2025 को जारी अधिसूचना के अनुसार शहरी सेवा शिविर - 2025 के दौरान आवेदनों में 15 दिवस के स्थान पर 07 दिवस की आपत्ति सूचना प्रकाशित किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये है। अतः उपरोक्त अधिसूचनाओं के कम में आम सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र के उदयपुर संस्करण में पठनीय करवाया जायें। उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 07 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

**सचिव, उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर**



**कार्यालय नगरपालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ( राज. )**
Email:np_ntd@yahoo.in,nagarpalikanathdwara@gmail.com Phone:- 02953-233526

क्रमांक /न.पा.नाथ./तामीर/25/12732 दिनांक 07.10.25

**- : आपत्तीय-सूचना :-**

एतदद्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्ति द्वारा स्वायत्त शासन विभाग के ऑनलाईन पोर्टल पर पंजीकृत दस्तावेजों के आधार पर निम्नांकित भूखण्ड पर भवन-निर्माण स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन में वर्णित सम्पत्ति के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सूचना प्रकाशन के सात दिवस में नगरपालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए भवन निर्माण स्वीकृति की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी :-

| क्र. सं. | नाम आवेदक मय पता | आवेदित सम्पत्तिका विवरण | पड़ौस | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1. | श्रीमती रेखा जैन पत्नी श्री संजय कुमार सिंघवी, व अन्य निवासी नाथद्वारा जिला-राजसमन्द | चिकित्सालय के पास, लालबाग भू.सं.-15, क्षै.-3119 वर्गफिट | 30 फिट रोड | अन्य भूमि | अन्य भूमि व 30 फिट रोड | 60 फिट रोड |

**आयुक्त, नगपालिका नाथद्वारा**



बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

निम्बाहेड़ा शाखा, कैंची चौराहा
निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान-312601
ई-मेल: nimbah@bankofbaroda.com

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**
**''परिशिष्ट-IV-क'' [नियम 8( 6 ) का परन्तुक देखें]**

प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 8( 6 ) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जैसी है जहां है'', ''जो है जैसी है'' और ''जितनी भी उपलब्ध है'' के आधार पर बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि नीचे उल्लेखित खातें की वसूली हेतु बेचा जाएगा। ऋणियों/बंधककर्ताओं/जमानतदारों/प्रतिभूत आस्तियों/बकायों/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की दिनांक व समय, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे वर्णित है-

| क्र./ लोट नं | ऋणियों/जमानतदारों/ बंधककर्ताओं के नाम एवं पते | ज्ञात संपत्ति के साथ अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो | कुल बकाया राशि मांग पत्र के अनुसार | ई-नीलामी की दिनांक / ई-नीलामी का समय प्रारम्भ समय से समाप्ति समय | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि ( ईएमडी ) / बोली वृद्धि राशि | कब्जे की स्थिति ( सांकेतिक/ वास्तविक ) | संपत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **श्री मोहम्मद यूसुफ खान पुत्र श्री अब्दुल लतीफ खान** गाडरियां मोहल्ला, वाई नं. 18, निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान 312601 **सह-ऋणी- श्रीमती शमा बेगम पत्नी स्व. श्री अब्दुल लतीफ खान** गाडरियां मोहल्ला, वाई नं. 18, निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान 312601 **श्रीमती तंजीला बी पत्नी श्री मोहम्मद यूसुफ खान** गाडरियां मोहल्ला, वाई नं. 18, निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान 312601 **स्व. श्री अब्दुल लतीफ खान पुत्र श्री अब्दुल हमीद खान जरिये कानूनी वारिस- श्री अयूब खान पुत्र स्व. श्री अब्दुल लतीफ खान** मकान नं. 20, वाई नं. 14, निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान 312601 **श्री यूनुस खान पुत्र स्व. श्री अब्दुल लतीफ खान** मकान नं. 20, वाई नं. 14, निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान 312601 | स्व. श्री अब्दुल लतीफ खान पुत्र श्री अब्दुल हमीद खान के नाम साम्यिक बंधक आवासीय सम्पत्ति जो वाई नं. 18, गाडरियां मोहल्ला, निम्बाहेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़, राजस्थान 312601 पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 754 वर्ग फीट है। सीमाएं- पूर्वः रोड़, पश्चिमः तेलियों का नोहरा, उत्तरः जमिला का मकान, दक्षिणः मुन्ना बाई का मकान अन्य ऋण भार: ज्ञात नहीं | रूपये 28,80,487/- दिनांक 07.02.2024 को बकाया ( दिनांक 05.02.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्चे इत्यादि। | 29.10.2025 / दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक | आरक्षित मूल्य- रूपये 16,48,800/- / धरोहर राशि- रूपये 1,64,880/- / बोली वृद्धि राशि-रूपये 20,000/- | वास्तविक | 24.10.2025 दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं ऑनलाईन नीलामी पोर्टल https://baanknet.com देखें। इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से दूरभाष नं.- 01477-220121 मोबाईल नं. 8875006620 पर संपर्क कर सकते है।

दिनांक: 09.10.2025 हस्ता.
स्थान: निम्बाहेड़ा ( चित्तौड़गढ़ ) प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा



**कार्यालय नगर पालिका देवगढ जिला राजसमन्द (राज0)**

क्रमांक / न.पा.दे. / नामान्तरण / 2025-26 / 1654 **आपत्ति आमंत्रण पत्र** दिनांकः- 08.10.2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका देवगढ क्षेत्र के निम्नांकित व्यक्तियो द्वारा प्रार्थना पत्र मय स्वामत्वि दस्तावेजो के प्रस्तुत कर जरीये पंजीकृत विक्रय पत्र / अपंजीकृत विक्रय इकरारनामा / मृत्यु के आधार पर पालिका द्वारा जारी किये गये भूखण्ड / मकान का नामान्तरण किया जाना है। जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र. सं. | भूखण्ड विक्रेता / विक्रय इकरारकर्ता / पारिवारिक समझौताकर्ता का नाम | भूखण्ड क्रेता / उत्तराधिकारी जिसके नाम नामान्तरण किया जाना है | भूखण्ड सं. / साईज व पता | प्रस्तुत दस्तावेत |
|---|---|---|---|---|
| 01 | श्रीमती प्रेम देवी पत्नि धन सिंह निवासी देवगढ | श्रीमती आशा पत्नि धनराज गवारिया निवासी देवगढ | सुभाषनगर आवासीय योजना में स्थित भूखण्ड सं. 133 साईज 15x30 = 450 वर्गफीट | पंजीकृत विक्रय पत्र |
| 02 | श्रीमती मदन कंवर पत्नि शिवदयाल सिंह निवासी बिलाखी | सुश्री काजल पुत्री ओमप्रकाश खत्री निवासी सांगावास | श्री भैरूनाथ कॉलोनी, दशहरा मैदान से सोपरी बांध जाने वाला रास्ता पर स्थित भूखण्ड संख्या 05 क्षेत्रफल 1012.50 वर्गफीट | पंजीकृत विक्रय पत्र |
| 03 | श्री रमेश पिता उदयराम, श्रीमती विमला देवी, श्रीमती माया, श्री दिनेश जीनगर, श्री विक्रम जीनगर पिता श्रवण कुमार निवासी देवगढ | श्रीमती निर्मला पत्नि राजूलाल खटीक निवासी देवगढ | शास्त्रीनगर आवासीय योजना में स्थित भूखण्ड सं. 406 साईज 20x45 = 900 वर्गफीट | पंजीकृत विक्रय पत्र |
| 04 | श्रीमती टमु देवी पुत्री नारायणलाल, श्रीमती पानी देवी पत्नि नारायणलाल रेगर निवासी देवगढ | श्री चतरभुज पिता नारायण लाल रेगर निवासी देवगढ | सोलंकी दरवाजा बाहर देवगढ स्थित आवासीय मकान क्षेत्रफल 887.30 वर्गफीट | पंजीकृत हकत्यागनामा |
| 05 | श्री महिपाल सिंह पिता जालम सिंह, श्रीमती भाविका पत्नि मान सिंह निवासी बिलाखी | श्रीमती सोनिया वर्मा पत्नि दिनेशचन्द निवासी भरतपुर | शास्त्रीनगर के सामने विक्रम विहार में स्थित आवासीय भूखण्ड संख्या 06 क्षेत्रफल 1242 .45 वर्गफीट में से 621.22 वर्गफीट | पंजीकृत विक्रय पत्र |
| 06 | श्री रमेश कुमार पिता सोहनलाल खटीक निवासी देवगढ | श्रीमती सुमित्रा देवी खोखावत पत्नि चन्दन लाल हरिजन निवासी देवगढ | शास्त्रीनगर आवासीय योजना में स्थित भूखण्ड सं. 351 साईज 20x45 = 900 वर्गफीट | पंजीकृत विक्रय पत्र |
| 07 | श्री सुरेश कुमार पिता भंवरलाल सेन निवासी देवगढ | श्री रोशनलाल पिता गणेशलाल खटीक निवासी देवगढ | सुभाषनगर आवासीय योजना में स्थित भूखण्ड सं. 290-सी साईज 20x45 = 900 वर्गफीट | पंजीकृत विक्रय पत्र |
| 08 | श्री हरदेव गुर्जर पिता मीठू गुर्जर निवासी पितामपुरा | श्रीमती श्यामा पत्नि रतनलाल दर्जी निवासी देवगढ | सुभाषनगर आवासीय योजना में स्थित भूखण्ड सं. 215 साईज 20x45 = 900 वर्गफीट | पंजीकृत विक्रय पत्र |
| 09 | श्रीमती रईसा बानू पत्नि शमशुद्दीन निवासी देवगढ | श्रीमती शमा बानू पत्नि फारूक मोहम्मद निवासी देवगढ | जामा मस्जिद के पास आवासीय मकान क्षेत्रफल 479.31 वर्गफीट | पंजीकृत विक्रय पत्र |
| 10 | श्री बंशीलाल पिता मोहन सिंह निवासी देवगढ | श्री वरदीचन्द पिता हजारी जी खटीक निवासी देवगढ | शास्त्रीनगर आवासीय योजना में स्थित भूखण्ड सं. 393 साईज 20x45 = 900 वर्गफीट | पंजीकृत विक्रय पत्र |
| 11 | श्री सरफराज अहमद पिता सतार मोहम्मद एवं श्रीमती निलोफर बानु पत्नि सरफराज अहमद निवासी देवगढ | श्रीमती तारा बानु पत्नि श्री सद्दाम निवासी देवगढ | पंवारो की गली दरगाह के पास वार्ड नं . 08 देवगढ में स्थित आवासीय मकान क्षेत्रफल 339. 13 वर्गफीट | पंजीकृत विक्रय पत्र |

अतः उक्त सम्पति के नामान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति / हितधारी को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस मे अपनी आपत्ति मय प्रमाण के अधोहस्ताक्षर के समक्ष प्रस्तुत करें। अन्दर अवधि आपत्ति मय प्रमाण के लिखित मे प्रस्तुत नही होने पर वर्णित भूखण्ड / मकान का नामान्तरण जारी किया जाने की आगामी कार्यवाही नियमानुसार सम्पादित कर दी जावेगी।

राज.संवाद / सी / 25 / 11942 **अधिशाषी अधिकारी**



बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

चुपना शाखा, जिला प्रतापगढ़, राजस्थान-312615
फोन नं.: 8875006658, ई-मेल: chupna@bankofbaroda.com

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**
**''परिशिष्ट-IV-क'' [नियम 8( 6 ) का परन्तुक देखें]**

प्रतिभूति हित ( प्रवर्तन ) नियम, 2002 के नियम 8( 6 ) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस। आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी है, का कब्जा प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जैसी है जहां है'', ''जो है जैसी है'' और ''जितनी भी उपलब्ध है'' के आधार पर बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि नीचे उल्लेखित खातें की वसूली हेतु बेचा जाएगा। ऋणियों/बंधककर्ताओं/जमानतदारों/प्रतिभूत आस्तियों/बकायों/आरक्षित मूल्य/ई-नीलामी की दिनांक व समय, धरोहर राशि एवं बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे वर्णित है-

| क्र./ लोट नं. | ऋणियों/जमानतदारों/ बंधककर्ताओं के नाम एवं पते | ज्ञात संपत्ति के साथ अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो | कुल बकाया राशि मांग पत्र के अनुसार | ई-नीलामी की दिनांक / ई-नीलामी का समय प्रारम्भ समय से समाप्ति समय | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि ( ईएमडी ) / बोली वृद्धि राशि | कब्जे की स्थिति ( सांकेतिक/ वास्तविक ) | संपत्ति निरीक्षण की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **श्री योगेन्द्र सिंह पुरावत पुत्र श्री मोहन सिंह पुरावत एवं श्रीमती कुशल कुंवर पुरावत पत्नी श्री मोहन सिंह पुरावत** गाँव नागदेडा, तहसील अरनोद, जिला प्रतापगढ़, राजस्थान **जमानतदार- श्री विश्वजीत सिंह पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह पुरावत** गाँव जाजली, तहसील अरनोद, जिला प्रतापगढ़, राजस्थान | श्री योगेन्द्र सिंह पुरावत पुत्र श्री मोहन सिंह पुरावत के नाम साम्यिक बंधक मकान जो मकान आराजी नं. 547, गाँव नागदेडा, ग्राम पंचायत बेड़मा, तहसील अरनोद, जिला प्रतापगढ़, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 2400 वर्ग फीट है। सीमाएं- पूर्वः सरकारी भूमि, पश्चिमः रास्ता, उत्तरः गोविंद सिंह का मकान, दक्षिणः गोपाल सिंह का मकान अन्य ऋण भार: ज्ञात नहीं | रूपये 16,43,963/- दिनांक 30.09.2019 को बकाया एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्चे इत्यादि। **वर्तमान बकाया राशि-** रूपये 33,60,854.58 दिनांक 05.10.2025 को बकाया ( दिनांक 05.10.2025 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य वसूली खर्चे इत्यादि। | 18.11.2025 / दोपहर 02:00 बजे से सांय 06:00 बजे तक | **आरक्षित मूल्य-** रूपये 7,68,000/- / **धरोहर राशि-** रूपये 76,800/- / **बोली वृद्धि राशि-** रूपये 20,000/- | वास्तविक | 13.11.2025 दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्यौरे के लिए कृपया नीचे दिए गए वेबसाइट अर्थात https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm एवं ऑनलाईन नीलामी पोर्टल https://baanknet.com देखें। इसके अलावा संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से दूरभाष नं.- 01479-261210, मोबाईल नं. 8875006658 पर संपर्क कर सकते है। हस्ता.

दिनांक: 09.10.2025 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान: प्रतापगढ़ बैंक ऑफ बड़ौदा



हमने अच्छा खेला और उन्होंने भी। बेशक, अगर हम जीत जाते तो बहुत अच्छा लगता, लेकिन हमने अपना पूरा ज़ोर लगाया। कोई बात नहीं - हम अगले मैच में और मजबूती से वापसी करेंगे। - **ऋचा घोष**

**भारतीय क्रिकेटर, दक्षिण अफ्रीका की जीत को लेकर बोलते हुए।**

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी — श्रेयस अय्यर



**उद्यमी** पृथ्वीराज शेट्टी द्वारा स्थापित तेजी से बढ़ते फेथ-टेक प्लेटफ़ॉर्म भगवद गीता फॉर ऑल ने भारतीय क्रिकेटर श्रेयस अय्यर के साथ सहयोग की घोषणा की है - जो एकाग्रता, प्रेरणा और दबाव के क्षणों में भी शांत रहने के प्रतीक हैं। यह पहल इस बात पर जोर देती है कि प्राचीन भारतीय ज्ञान को अब प्रदर्शन, संतुलन और निर्णय लेने जैसे क्षेत्रों में आधुनिक उपकरण के रूप में पुनर्परिभाषित किया जा रहा है। वैश्विक वेलनेस इकोनॉमी 2024 तक लगभग 6.8 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है, और बीजीएफए स्वयं को परंपरा और परफॉर्मेंस साइकोलॉजी के संगम पर स्थापित कर रहा है।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत और वेस्टइंडीज के बीच अभी तक 139 वनडे मैच खेले गए हैं। इनमें से टीम इंडिया ने 70 वनडे जीते हैं जबकि विंडीज ने 63 मैचों में बाजी मारी है।

## सिरोही जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष की याचिका पर रोक

जालोर, 10 अक्टूबर। राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के 9 अक्टूबर के फैसले से सिरोही जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष और उनके पदाधिकारियों को बडी राहत मिली है। अदालत ने प्रतिवादियों द्वारा जारी 8 सितंबर के आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें एक तदर्थ समिति का गठन करके संघ के चुनाव कराने का निर्देश दिया गया था। सिरोही जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह चौहान ने अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि उनके चार साल के कार्यकाल, जो 4 मार्च 2024 से शुरू हुआ था, की समयपूर्व समाप्ति अवैध है। अध्यक्ष का दावा है कि उनका कार्यकाल अभी समाप्त नहीं हुआ है और उन्हें अपने पद पर बने रहने का पूरा अधिकार है। माननीय न्यायालय ने अध्यक्ष सिरोही जिला ओलम्पिक संघ की याचिका पर सुनवाई करते हुए पाया कि उनका कार्यकाल अभी समाप्त नहीं हुआ है। अदालत ने प्रतिवादियों को नोटिस जारी कर अगली सुनवाई तक उक्त आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है। यह फैसला सिरोही जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष और उनके पदाधिकारियों के लिए बडी राहत लेकर आया है। अब यह मामला आगे की सुनवाई के लिए अदालत में लंबित है। सिरोही जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष और उनके पदाधिकारी अपने पद पर बने रहेंगे और संघ के कार्यों को सुचारु रूप से चलाते रहेंगे। जितेंद्र सिंह चौहान अध्यक्ष सिरोही जिलाओलम्पिक संघ की ओर से रीट पिटीशन माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर में दायर की गई। 9 अक्टूबर को डॉ जस्टिस नूपुर भाटी की। कोर्ट में याचिका पर सुनवाई हुई।

## हिमांशु सैनी, राहुल के शतक

जयपुर, 10 अक्टूबर। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत के अनुसार बीसीसीआईकी आगामी राष्ट्रिय अंडर 16 ट्रॉफी के संभावितों के चयन हेतु आरसीए द्वारा आयोजित की जा रही राज्य स्तरीय अंडर 16 ट्रॉफी के आज जयपुर में खेले गए मैचों का परिणाम :- अंडर 16 टॉफी ( आज खेल गए मैचों जयपुर, चूरू, टोंक, बीकानेर, धौलपुर, अजमेर ,झुंझनू, श्रीगंगानगर, भरतपुर, जालोर, डूंगरपुर, उदयपुर, कोटा, झालावाड़, नागौर, सीकर जीती हिमांशु सैनी, राहुल के शतक, अतुल शर्मा, केविन, रयान, बृजेश, आयुष, आदित्य राज, इशांत शर्मा, पुलकित, आशीष राघव, सरूप, आयुष राजपुरोहित ,शौर्य मेहरा, प्रयाग, पारस, बिजेंद्र, दर्शन, आदि।

# यशस्वी के नाबाद 173, भारत बड़े स्कोर की ओर

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर। यशस्वी जायसवाल (नाबाद 173) की शतकीय और साई सुदर्शन (87) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर भारत ने शुक्रवार को वेस्ट इंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन स्टंप्स के समय दो विकेट पर 318 रन बनाकर बड़े स्कोर की ओर कदम बढ़ा दिया है। चायकाल के बाद वेस्टइंडीज को दूसरी सफलता जोमेल वॉरिकन ने ही दिलाई। 69वें ओवर की तीसरी गेंद पर वारिकन ने शतक की ओर बढ़ रहे साई सुदर्शन का शिकार कर लिया। साई सुदर्शन ने 165 गेंदों में 12 चौके लगाते हुए 87 रनों की पारी खेली। उन्हें वारिकन ने पगबाधा आउट किया।



इससे पहले आज यहां अरुण जेटली स्टेडियम में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत के लिए सलामी बल्लेबाज केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल की जोड़ी ने सधी हुई शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 58 रन जोड़े। 18वें ओवर की तीसरी गेंद पर स्पिनर जोमेल वारिकन ने केएल राहुल को छकाया और विकेटकीपर टेविन इमालक ने फुर्ती से स्टंप उड़ा कर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। केएल राहुल ने 54 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 38 रनों की पारी खेली। भोजनकाल तक भारत ने एक विकेट पर 94 रन बनाये थे।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आये साई सुदर्शन ने यशस्वी के साथ शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। भोजनकाल के बाद यशस्वी जायसवाल ने अपना सातवां टेस्ट शतक और साई सुदर्शन ने अपना अर्धशतक पूरा किया। चायकाल तक दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट के लिए 162 रनों की साझेदारी हो चुकी है और भारत ने एक विकेट पर 220 रन बनाये थे।

भारत ने दिन का खेल समाप्त होने के समय 90 ओवर में दो विकेट 318 रन बनाकर बड़े स्कोर की ओर कदम बढ़ा दिया है। यशस्वी जयसवाल (नाबाद 173) और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 20) क्रीज पर मौजूद थे। यशस्वी ने अपनी नाबाद पारी में 253 गेंदों में 22 चौके लगाए हैं। वेस्टइंडीज की ओर से एकमात्र सफल गेंदबाज जोमेल वारिकन ने दो विकेट लिये।

## केएल राहुल ने वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप में पूरे किए 2000 रन, बने सातवें भारतीय खिलाड़ी



नई दिल्ली, 10 अक्टूबर। टीम इंडिया के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ मुकाबले के दौरान एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। वह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में 2000 हजार रन पूरे करने वाले 28वें बल्लेबाज बन गए हैं। केएल राहुल दिल्ली में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट चैंपियनशिप में 2000 रन बनाने वाले सातवें भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले विराट कोहली, रोहित शर्मा और ऋषभ पंत जैसे खिलाड़ी दो हजार रन पूरा कर चुके हैं। राहुल ने पहली पारी में 38 रन बनाए। उन्होंने वारिकन की गेंद पर स्टंप आउट होने से पहले पिछले ओवर में स्पिनर खैरी पियरे को डीप मिडविकेट पर छक्का लगाया था। वह वारिकन की गेंद की लेंथ का सही अनुमान नहीं लगा पाए और विकेटकीपर टेविन इमलाच ने उन्हें स्टंप आउट करने में कोई गलती नहीं की। बल्लेबाजी के लिए अनुकूल दिख रही पिच पर शानदार फॉर्म में चल रहे राहुल से बड़ी पारी की उम्मीद थी।

## जसप्रीत बुमराह ने रचा इतिहास, ऐसा करने वाले भारत के पहले तेज गेंदबाज बने



नई दिल्ली, 10 अक्टूबर। जसप्रीत बुमराह भारत के पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं, जिन्होंने भारत के लिए क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में कम से कम 50-50 मैच खेले हैं। भारत बनाम वेस्टइंडीज दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जा रहा दूसरा टेस्ट बुमराह का 50वां टेस्ट है। इस कड़ी में बुमराह एमएस धोनी, विराट कोहली के खास क्लब में शामिल हो गए हैं।दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में भारत और वेस्टइंडीज के बीच दूसरा टेस्ट मैच खेला जा रहा है। ये जसप्रीतबुमराह का टेस्ट करियर का 50वां मैच है। इससे पहले खेले 49 टेस्ट मैचों में उन्होंने 222 विकेट अपने नाम किए हैं। टेस्ट में वह 15 बार फाइव विकेट हॉल कर चुके हैं। 31 वर्षीय बुमराह ने 2016 में वनडे में डेब्यू किया था उसी समय उन्हें टी20में भी डेब्यू का मौका मिला था। इसके 2 साल बाद उन्होंने अपना पहला टेस्ट मैच खेला। जस्सी ने 50 टेस्ट मैच खेले हैं। इसके अलावा उन्होंने 89 वनडे और 75 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं। 89 वनडे में उन्होंने 149 विकेट अपने नाम किए हैं 75 टी20 में उनके नाम 96 विकेट हैं। वनडे में वह 5 बार फाइव विकेट हॉल कर चुके हैं।

## देवेंद्र शेखावत क्रिकेट अकादमी जीती



जयपुर, 10 अक्टूबर। अंडर-13 पिंकसिटी कप में देवेंद्र शेखावत क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 191 रन 7 विकेट के नुकसान पर बनाएं। कुश ने 109 और कौशलेंद्र ने 33 रनो का योगदान दिया। यति क्रिकेट अकादमी की ओर से मान गौतम और रौनक ने दो-दो विकेट लिए।

## आईपीएल 2026 की नीलामी 15 दिसंबर के आसपास होने की संभावना, रिटेंशन की अंतिम तिथि 15 नवंबर

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर। आईपीएल 2026 की नीलामी दिसंबर के दूसरे या तीसरे सप्ताह में होने की संभावना है, और 13-15 दिसंबर संभावित समय के रूप में उभर रहे हैं। फ्रेंचाइजी अधिकारियों, जिन्होंने बीसीसीआई अधिकारियों से बात की है, ने क्रिकबज़ को बताया है कि चर्चा इन्हीं तारीखों पर केंद्रित है, हालांकि लीग की गवर्निंग काउंसिल ने अभी तक कार्यक्रम तय नहीं किया है।

इसके अलावा, इस समय इस बात का कोई संकेत नहीं है कि नीलामी विदेश में आयोजित की जाएगी, जैसा कि पिछले दो संस्करणों में हुआ था - पहले दुबई (2023) और फिर सऊदी अरब के जेद्दा (2024) में। फ्रेंचाइजी सूत्रों का कहना है कि अगर बीसीसीआई भारत में ही मिनी-नीलामी आयोजित करने का फैसला करता है, तो इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी। हालांकि, यह फैसला अभी तक पक्का नहीं हुआ है।

हालांकि, यह निश्चित रूप से कहा जा सकता है कि रिटेंशन की समय सीमा 15 नवंबर है। तब तक, फ्रेंचाइजी को उन खिलाड़ियों के नाम जमा करने होंगे जिन्हें वे नीलामी से पहले रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। हालांकि, बड़े पैमाने पर बदलाव के कोई संकेत नहीं हैं, सिवाय शायद चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के, जो पिछले सीजन में सबसे निचले पायदान पर रहे थे। रिलीज सूची में कथित तौर पर शामिल खिलाड़ियों में दीपक हुड्डा, विजय शंकर, राहुल त्रिपाठी, सैम करेन और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के डेवोन कॉनवे भी शामिल हैं। आर अश्विन के आईपीएल से संन्यास लेने के बाद, पांच बार की चैंपियन टीम के पास पहले ही 9.75 करोड़ रुपये जुड़ चुके हैं।

रॉयल्स की सूची में सबसे ऊपर संजू सैमसन होंगे, जब तक कि फ्रेंचाइजी कप्तान के लिए कोई ट्रेड नहीं कर लेती। रॉयल्स द्वारा अपने दो श्रीलंकाई स्पिनरों - वानिंदु हसरंगा और महेश दीक्षाना - को रिलीज करने की योजना की भी चर्चा थी, लेकिन कुमार संगकारा के मुख्य कोच के रूप में वापसी के साथ, यह सोच बदल सकती है।

टी नटराजन, मिशेल स्टार्क, आकाशदीप, मयंक यादव और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ियों को नई फ्रेंचाइजी की तलाश करनी पड़ सकती है, हालांकि अभी तक इसकी कोई पुष्टि नहीं हुई है - ठीक वैसे ही जैसे पिछली नीलामी में तीसरे सबसे महंगे खिलाड़ी वेंकटेश अय्यर के मामले में हुआ था, जिन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स ने 23.75 करोड़ रुपये में खरीदा था।

फ्रेंचाइजी के बीच चल रही चर्चा के अनुसार, कैमरून ठीन के नीलामी में सबसे चर्चित नामों में से एक होने की उम्मीद है। चोट के कारण पिछली नीलामी से चूकने वाले इस ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ने पहले ही कई टीमों का ध्यान आकर्षित कर लिया है।

## एसीसी ऑफिस में बंद है एशिया कप 2025 की ट्रॉफी : मोहसिन नकवी

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर। एशिया कप ट्रॉफी को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब कहा जा रहा है कि एशिया कप ट्रॉफीको एशियाई क्रिकेट परिषद के दुबई स्थित मुख्यालय में बंद कर दिया गया है। एसीसी प्रमुख मोहसिन नकवी ने निर्देश दिया है कि उनकी मंजूरी के बिना इसे स्थानंतरित या भारत को नहीं सौंपा जाना चाहिए।बता दें कि, भारतीय टीम ने एशिया कप जीतने के बाद नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। इसके बाद नकवी इसे अपने साथ ले गए थे और तभी से ये ट्रॉफी एसीसी कार्यालय में है। भारत ने 28 सितंबर को दुबई में एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान को हराया था।

मोहसिन नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष और अपने देश के गृह मंत्री भी हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर है। आज की स्थिति में ट्रॉफी दुबई में एसीसी कार्यालय में है और नकवी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि उनकी मंजूरी और व्यक्तिगत उपस्थिति के बिना इसे किसी को नहीं सौंपा जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि, नकवी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि केवल वही व्यक्तिगत रूप से ट्रॉफी भारतीय टीम या बीसीसीआई को सौंपेंगे। एशिया कप भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के साए में खेला गया। भारतीय खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाए। इसके अलावा नकवी ने भी सोशल मीडिया पर राजनीतिक बयान दिए।

# राजधानी

# 'वोकल फॉर लोकल' बने देश का संकल्प : अरुण चतुर्वेदी

## ''हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी'' अभियान से बढ़ी स्थानीय उत्पादों की मांग

**जयपुर।** दीपावली के शुभ अवसर पर आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी जयपुर शहर कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने वोकल फॉर लोकल को देश का संकल्प बताते हुए स्वदेशी उत्पादों के उपयोग पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाने से न केवल स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का सपना भी साकार होगा।अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि कोरोना काल में भारत ने तीन स्वदेशी वैक्सीन बनाकर 130 करोड़ लोगों को समय पर टीका लगाकर आत्मनिर्भरता का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि वह समय था जब भारत -95 मास्क तक नहीं बनाता था, लेकिन आज भारत उन्हें निर्यात कर रहा है।

- **दीपावली पर स्वदेशी को अपनाने का संदेश, आत्मनिर्भर भारत की दिशा में बड़ा कदम**




**राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरूण चतुर्वेदी आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए।**

उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत ने देश में बने मिसाइल और ड्रोन का सफल उपयोग कर पूरी दुनिया को अपनी रक्षा क्षमताओं से अवगत कराया है।प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अमेरिका के टैरिफ का जवाब स्लैब में कटौती से देने को एक कुशल रणनीति बताते हुए चतुर्वेदी ने कहा कि इससे उद्योगों को मजबूती मिली और देशवासियों को दोहरी दिवाली मनाने का अवसर मिला।इस अभियान के तहत 25 दिसंबर तक राज्यभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।भाजपा जयपुर शहर अध्यक्ष अमित गोयल ने कहा कि वोकल फॉर लोकल केवल एक नारा नहीं, बल्कि युवाओं के लिए आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ने का मार्ग है। उन्होंने कहा कि युवा अब ''मेड इन इंडिया'' और ''मेक फॉर वर्ल्ड'' के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं।उन्होंने अपील की कि दिवाली की सजावट से लेकर मिठाइयों तक सभी चीजों में मेड इन इंडिया उत्पादों को प्राथमिकता दें। कार्यक्रम में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की संयोजक रेखा राठौड़, सह-संयोजक संजय जायसवाल एवं महेंद्र यादव भी उपस्थित रहे।

## अरुण चतुर्वेदी दुबई प्रवास पर

**जयपुर ।** राजस्थान वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरुण चतुर्वेदी आज से तीन दिवसीय दौरे पर दुबई जाएंगे। वे इस अवसर पर दुबई में प्रवासी राजस्थानियों से मुलाकात कर राजस्थान में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। राजस्थान बिजनेश एंड प्रोफेशनल ग्रुप एवं राजस्थान फाउंडेशन द्वारा आयोजित दिवाली उत्सव कार्यक्रम में डॉ अरुण चतुर्वेदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर 12अक्टूबर को दुबई इंटरनेशन समिट में शामिल होंगे। डॉ चतुर्वेदी शनिवार को प्रात: जयपुर से दुबई के लिए प्रस्थान करेंगे। इस यात्रा के लिए राजस्थान भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें बधाई दी है। चतुर्वेदी यात्रा के प्रथम दिन अल एन में राजस्थान के लोगों से संवाद करेंगें।

# ई.पी.एस. पेंशन से वंचित करने पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने एक सितंबर, 2014 के बाद रिटायर हुए कर्मचारी भविष्य निधि के सदस्यों को ईपीएस पेंशन योजना से वंचित करने पर आरएसआरटीसी के एमडी, भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय आयुक्त व पेंशन विभाग के निदेशक से जवाब देने के लिए कहा है। जस्टिस अशोक कुमार जैन ने यह आदेश रामेश्वर प्रसाद व अन्य की याचिका पर दिए।

मामले से जुड़े अधिवक्ता सुनील कुमार सिंगोदिया ने अदालत को बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने 4 नवंबर 2022 को एसएलपी को तय कर ट्रस्टों के कर्मचारियों, राज्य कर्मचारियों तथा निगम के कर्मचारियों को वास्तविक उच्च वेतन पर पेंशन के लिए संयुक्त विकल्प पत्र पेश करने की सीमा बढ़ाए जाने का निर्देश दिया था। इसके अलावा सुनील कुमार बी. कि याचिका में निर्देश दिए जा चुके हैं कि कर्मचारी प्रोविडेंट फण्ड अधिनियम 1995 में संशोधन के लिए जारी परिपत्र, जिसमें पेंशन फंड का प्रावधान करना वैध है। वहीं 22 अगस्त 2024 की अधिसूचना ऐसे कर्मचारियों पर भी लागू होती है जो एक सितंबर 2014 के बाद रिटायर हुए हैं, लेकिन उन्हें पेंशन का विकल्प नहीं दिया। ये कर्मचारी 1995 की स्कीम के पैरा 11 के तहत संयुक्त तौर पर भी विकल्प पत्र पेश करने के लिए स्वतंत्र हैं। प्रार्थियों की ओर से संयुक्त विकल्प पत्र दिया गया, लेकिन आरएसआरटीसी की ओर से प्रार्थियों को सभी दस्तावेज नहीं देने के कारण भविष्य निधि संगठन ने उनका विकल्प पत्र अस्वीकार कर दिया। इसे हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा कि यह सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों की अवहेलना है।

# जनसंपर्क अधिकारी के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज

- **जनसंपर्क अधिकारी प्रमोद कुमार वैष्णव के खिलाफ नोकरी लगाने के नाम पर 17 लाख रुपए की ठगी करने का मामला मानसरोवर थाने मे दर्ज किया**
- **परिवादी ने 40 लाख रुपए लौटाने को कहा तो आरोपी ने उसे सहायक जनसंपर्क अधिकारी परीक्षा में पास कराने का झांसा दिया**

**जयपुर।** जनसंपर्क अधिकारी प्रमोद कुमार वैष्णव के खिलाफ नोकरी लगाने के नाम पर 17 लाख रुपए की ठगी करने का मामला दर्ज किया गया है। परिवादी विकास कुमार की ओर से इस्तगासे के जरिए मानसरोवर थाने में यह रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

रिपोर्ट में कहा गया की परिवादी और बाड़मेर में पदस्थापित पीआरओ प्रमोद कुमार वैष्णव एक ही गांव के होने ले चलते परिचित हैं।

आरोपी ने ग्वार गम के शेयर में रकम दुगने करने के नाम पर 5 लाख रुपए ले लिए। जब परिवादी ने आरोपी से पैसों की स्थिति बताने की बात की तो उसने परिवादी को बताया कि आपका पैसा दो गुने के लगभग हो गया है, लेकिन आप चाहों तो सेबी की कृषि विभाग के साथ मिलकर किसानों के लिए एक वार्षिक योजना आई है, जिसमें आपको पांच छ: किश्तों में दिसम्बर 2021 तक 17 लाख रुपए देने होगें। जिसके आपको वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर चालीस लाख रुपये मिलेगें।

इस पर परिवादी ने आरोपी की बात पर विश्वास कर उसे समय समय पर लाखों रुपए दे दिए। साल 2022 में जब परिवादी ने 40 लाख रुपए लौटाने को कहा तो आरोपी ने उसे सहायक जनसंपर्क अधिकारी परीक्षा में पास कराने का झांसा दिया, लेकिन बाद में उसका इस पद पर चयन भी नहीं हुआ।

इस दौरान आरोपी का जैसलमेर तबादला हो गया। इसके बाद उसने परिवादी का फोन उठाना भी बंद कर दिया। वहीं मार्च 2024 में आरोपी ने उसे वापस जनसंपर्क अधिकारी पद पर चयनित कराने का झांसा दिया, लेकिन इसमे भी उसका चयन नहीं हुआ। जब परिवादी ने अपने 17 लाख रुपए वापस मांगे तो आरोपी ने यह राशि देने से भी इंकार कर दिया।

## डिकॉय ऑपरेशन में एक लपका गिरफ्तार

**जयपुर।** पर्यटक थाना पुलिस ने देशी-विदेशी पर्यटकों की सुरक्षार्थ अवैध गाईड (लपकों) के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर एक लपकें को पुरानी विधानसभा के सामने ,आमेर रोड से गिरफ्तार किया है।

उपायुक्त उत्तर करण शर्मा ने बताया कि देश-विदेश से भ्रमण पर आने वाले सैलानियों की पहली पसंद जयपुर है। त्योहारों पर यहां काफी तादाद में देशी-विदेशी भ्रमण करने के लिए आते है। उन्हें अवैध गाईड परेशान करते है। त्यौहारों को देखते हुए पुलिस ने लपकों के खिलाफ डिकॉय ऑपरेशन चलाया ।

पुलिस डिकॉय ऑपरेशन के तहत अब तक 13 लपकों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने डिकॉय ऑपरेशन के तहत शुक्रवार को चंचल सिंह (39) निवासी जयसिंहपुरा खोर निवासी को गिरफ्तार किया है।

## फोम फैक्ट्री में लगी आग

**जयपुर।** झोटवाड़ा थाना इलाके में शुक्रवार सुबह इंडस्ट्रियल एरिया में फोम की फैक्ट्री में आग लगने दहशत का माहौल गया। बताया जा रहा है कि आग इतनी तेज थी कि चारों तरफ धुएं का गुबार छा गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस और दमकल की चौदह गाड़ियों से चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया गया।सहायक फायर अधिकारी भंवर सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह साढ़े पांच बजे कंट्रोल रूम से झोटवाड़ा इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित एक फोम फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली थी। जिसके बाद दमकल की गाड़ियां झोटवाड़ा, बनीपार्क, बिंदायका और मानसरोवर फायर स्टेशन से मौके पर भेजी गई। फैक्ट्री में फोम बड़ी मात्रा में होने के कारण आग बार-बार धधकती रही। जिससे उसे नियंत्रित करने में काफी कठिनाई हुई।

सिंह ने बताया कि आग की लपटें इतनी तेज थी कि आस-पास की अन्य फैक्ट्रियों और गोदामों को भी खतरा पैदा हो गया था। हालांकि समय रहते फायर ब्रिगेड की टीम ने स्थिति को काबू में कर लिया और किसी बड़े हादसे को टाल दिया। अभी तक किसी प्रकार की जनहानि की पुष्टि नहीं हुई है। फैक्ट्री मालिक आनंद के अनुसार फैक्ट्री को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचा है। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

# एकल पट्टा प्रकरण में हाईकोर्ट ने एसीबी कोर्ट की ऑर्डर शीट मंगवाई

- **अदालत ने मामले की सुनवाई एक नवंबर को तय की है**

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने पूर्व मंत्री शांति धारीवाल व रिटायर आईएएस जीएस संधू सहित अन्य अफसरों के खिलाफ चर्चित एकल पट्टा मामले की सुनवाई कर रही एसीबी कोर्ट से आर्डर शीट मंगाई है।

इसके साथ ही अदालत ने मामले की सुनवाई एक नवंबर को तय की है। एक्टिंग सीजे एसपी शर्मा की विशेष एकलपीठ ने यह आदेश पूर्व मंत्री शांति धारीवाल, पूर्व आईएएस जीएस संधू, निष्काम दिवाकर और ओंकार मल सैनी की आपराधिक याचिकाओं पर संयुक्त रूप से सुनवाई करते हुए दिए।

इससे पहले हाईकोर्ट ने गत 12 मई को राज्य सरकार की रिवीजन याचिका वापस लेने वाली अर्जी मंजूर कर दी थी।

वहीं अशोक पाठक को इंटर्वीनर बनाते हुए मामले में पक्ष रखने व अदालत को सहयोग करने के लिए कहा था। राज्य सरकार ने मामले में जीएस संधू सहित तत्कालीन अधिकारियों के खिलाफ चल रहे मुकदमे को वापस लेने की अर्जी को एसीबी कोर्ट की ओर से खारिज करने के खिलाफ हाईकोर्ट में रिवीजन अर्जी दायर की थी। जिसे नए तथ्य सामने आने के आधार पर वापस लेने की अनुमति मांगी गई थी।

सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी करने वाले अशोक पाठक ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने एसएलपी पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के 17 जनवरी 2023 और 15 नवम्बर 2022 के आदेश रद्द कर दिए थे।

हाईकोर्ट ने 17 जनवरी के आदेश से तत्कालीन एसीएस जीएस संधू, डिप्टी सचिव निष्काम दिवाकर और जोन उपायुक्त ओंकारमल सैनी के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई बंद कर दी थी। जबकि नवंबर 2022 के आदेश से पूर्व मंत्री धारीवाल के खिलाफ एसीबी कोर्ट में चल रही प्रोटेस्ट पिटीशन सहित अन्य आपराधिक कार्रवाई को रद्द कर दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के सीजे को कहा था कि वे मामले में दुबारा सुनवाई कर इस छह महीने में तय करें।

## बीसीआर का एक्सटेंशन काउंटर का हाईकोर्ट में शुभारंभ

**जयपुर।** बार कौंसिल ऑफ राजस्थान, जोधपुर के एक्सटेंशन काउंटर का शुभारंभ शुक्रवार को हाईकोर्ट परिसर में किया गया।

काउंटर का उद्घाटन करते हुए कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा ने कहा कि कौंसिल का जयपुर में काउंटर आरंभ होने से शहर और आसपास के 17 जिलों के वकीलों और विधि विद्यार्थियों को अपने काम के लिए जोधपुर नहीं जाना पडेगा। समारोह में हाईकोर्ट के कई मौजूदा जजों के साथ ही महाधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद और एएसजी भरत व्यास सहित अन्य वकील मौजूद रहे।

हाईकोर्ट की जयपुर बेंच की स्थापना साल 1977 में हुई थी। फिलहाल हाईकोर्ट सहित अधीनस्थ अदालतों में हजारों की संख्या में अधिवक्ता वकालत करते हैं। इन वकीलों को कौंसिल से जुड़े कार्यों और सुविधाओं के लिए जोधपुर जाना पडता था। वहीं नए वकील के रूप में पंजीकृत होने के लिए भी अपने मूल दस्तावेजों को जोधपुर स्थित कौंसिल के कार्यालय में भेजना पड़ता था। एक्सटेंशन काउंटर खुलने से अब इस सभी कामों के लिए यहां आवेदन किया जा सकेगा।

# अंता पर चर्चा के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल व भरत राठौड़ वसुंधरा से मिले

## एक घंटे की चर्चा में उपचुनाव तथा संगठनात्मक मुद्दों पर विस्तार से मंथन हुआ

- **सूत्रों के अनुसार, वसुंधरा राजे पूर्व विधायक कंवरलाल मीणा के परिवार में से किसी को टिकट दिलाने के पक्ष में हैं, पर पार्टी में इस पर सहमति नहीं बन रही है।**
- **पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी, पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद गर्ग व नन्दलाल सुमन के नाम भी चर्चा में हैं।**

जयपुर, 10 अक्टूबर। अंता विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर भाजपा में हलचल तेज हो गई है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से उनके आवास पर मुलाकात करने पहुंचे। करीब एक घंटे चली इस बैठक में उपचुनाव और संगठनात्मक मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

सूत्रों के मुताबिक, यह बैठक अंता सीट पर प्रत्याशी चयन को लेकर रणनीतिक रूप से बेहद अहम है। बैठक के बाद मुख्यमंत्री तो राजे आवास से निकल गए, लेकिन प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ कुछ देर और रुके और राजे के साथ निजी बातचीत की। टिकट मंथन को लेकर हुई बैठक के बाद नामों का पैनल दिल्ली भेजा जाएगा। उसके बाद नाम की घोषणा की जाएगी। मीडिया के साथ बातचीत में मदन राठौड़ ने साफ कहा, "हमारे यहां टिकट सर्वे और समन्वय के आधार पर दिया जाता है। हम जीतने वाले प्रत्याशी को ही मैदान में उतारेंगे और संगठन की एकजुटता से चुनाव जीतेंगे।"

कहा जा रहा है कि अंता सीट पर प्रत्याशी चयन को लेकर वसुंधरा राजे और पार्टी नेतृत्व के बीच सहमति बनाने की कोशिशें जारी हैं। अंता सीट, वसुंधरा राजे के बेटे दुष्यंत सिंह के लोकसभा क्षेत्र में आती है और हाड़ौती अंचल को राजे का गढ़ माना जाता है, ऐसे में उनकी साख भी इस उपचुनाव से जुड़ी हुई है।

सूत्रों के अनुसार, वसुंधरा राजे पूर्व विधायक कंवरलाल मीणा के परिवार से किसी को टिकट दिलाने के पक्ष में हैं। हालांकि, पार्टी के भीतर इस पर सहमति नहीं बन पा रही है। कंवरलाल मीणा मनोहर थाना से विधायक रहे हैं और अंता में उन्हें बाहरी माना जा रहा है। साथ ही, उनकी कथित आपराधिक छवि के चलते पार्टी भी जोखिम लेने के मूड में नहीं है।

दूसरी तरफ, पूर्व मंत्री प्रभुलाल सैनी को पार्टी का मजबूत विकल्प माना जा रहा है। जातीय समीकरणों और पहले विधायक रहने के अनुभव के चलते उनकी दावेदारी मजबूत है। लेकिन बताया जा रहा है कि वसुंधरा राजे सैनी के नाम पर भी सहज नहीं हैं। कभी राजे के करीबी माने जाने वाले सैनी से उनके रिश्तों में हाल के वर्षों में तल्खी आई है।

अंता सीट पर स्थानीय चेहरों की मांग भी जोर पकड़ रही है। पूर्व जिलाध्यक्ष आनंद गर्ग और नंदलाल सुमन भी टिकट की दौड़ में शामिल हैं और वे खुद को स्थानीय और स्वीकार्य प्रत्याशी के रूप में प्रोजेक्ट कर रहे हैं। कांग्रेस ने पहले ही अपने प्रत्याशी की घोषणा कर दी है, जिससे भाजपा पर दबाव और बढ़ गया है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि जल्द ही शीर्ष नेतृत्व सभी संभावनाओं पर विचार कर अंतिम निर्णय लेगा, लेकिन टिकट पर वसुंधरा राजे की सहमति जरूरी मानी जा रही है।

# मुकेश अंबानी ने बद्रीनाथ, केदारनाथ में पाँच-पाँच करोड़ रूपए दिए

चमोली, 10 अक्टूबर। देश के प्रतिष्ठित उद्योगपति और रिलायंस इंडस्ट्रीज अध्यक्ष मुकेश अंबानी ने शुक्रवार को बदरीनाथ और केदारनाथ में दर्शन किये और बदरीनाथ और केदारनाथ मंदिरों की समिति को दोनों मंदिरों के लिए पांच-पांच करोड़ रुपये का दान दिया।

अंबानी ने आज पूर्वाह्न में भगवान बदरी विशाल और उसके बाद रुद्रप्रयाग जिले में स्थित भगवान केदारनाथ के दर्शन किये। उद्योगपति अंबानी के बदरीनाथ और केदारनाथ धाम पहुंचने पर बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने उनका पारंपरिक उत्तराखंडी टोपी और मफलर भेंट कर स्वागत किया। रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष ने कहा कि आगामी 10 वर्षों में उत्तराखंड में तीर्थ यात्रियों की संख्या काफी बढ़ेगी।

# हिमाचल भाजपा अध्यक्ष का भाई बलात्कार के मामले में गिरफ्तार

## उपचार के लिये आई युवती से क्लीनिक में दुराचार करने की शिकायत पर पुलिस ने कार्यवाही की

- **सोलन के एसपी गौरव सिंह ने कहा कि पुलिस निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच करेगी और किसी के प्रभाव में नहीं आयेगी।**

सोलन, 10 अक्टूबर। हिमाचल प्रदेश से बड़ी खबर है कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष डॉक्टर राजीव बिंदल के बड़े भाई को रेप केस में सोलन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उन पर 25 साल की युवती ने रेप के आरोप लगाए हैं। सोलन पुलिस आरोपी राम कुमार बिंदल को मेडिकल के लिए अस्पताल ले गई है। सोलन एसपी गौरव सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

जानकारी के अनुसार, सोलन पुलिस ने शुक्रवार सुबह डॉ. राजीव बिंदल के बड़े भाई राम कुमार बिंदल (78) को पूछताछ के लिए बुलाया था और फिर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि 7 अक्तूबर को एक युवती आरोपी के क्लीनिक में उपचार के लिए आई थी। उसके बाद पुराने बस स्टैंड के पास मौजूद क्लीनिक में युवती से दुराचार किया है। 25 साल की युवती ने इसकी शिकायत सोलन पुलिस को दी थी। पुलिस की फोरेंसिक टीम ने शुक्रवार को क्लीनिक का दौरा किया है और जांच पड़ताल की है।

पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना सोलन में मामला दर्ज किया गया था और अब जांच के दौरान एसएफएसएन जुन्गा की टीम ने मौके का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए हैं। फिलहाल, तकनीकी साक्ष्यों का भी विश्लेषण किया गया है।

इन सबके आधार पर, पुलिस ने 10 अक्टूबर को आरोपी रामकुमार बिंदल को गिरफ्तार किया और उसे जल्द ही न्यायालय में पेश किया जाएगा। एसपी सोलन गौरव सिंह ने कहा कि पुलिस निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच कर रही है और किसी के प्रभाव में नहीं आएगी।

# ट्रंप का पत्ता ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

देती रही है। 11 मिलियन स्वीडिश क्राउन (लगभग 1.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर) मूल्य का यह नोबेल शांति पुरस्कार 10 दिसंबर को नॉर्वे की राजधानी ओस्लो में प्रदान किया जाएगा। ज्ञातव्य है कि इस दिन स्वीडिश उद्योगपति अल्फ्रेड नोबेल की पुण्यतिथि होती है।

उन्होंने 1895 में की गई अपनी वसीयत में इन पुरस्कारों की घोषणा की थी।

इसके बावजूद, ट्रंप और उनके समर्थक इस निर्णय को, उनके प्रति एक जानबूझकर किया गया अपमान मान सकते हैं, खासकर तब, जब राष्ट्रपति ने इज़राइल और हमास के बीच दो साल से चल रहे विनाशकारी युद्ध को समाप्त करने की दिशा में पहला चरण शुरू करवाया था।

नोबेल शांति पुरस्कार, जिसकी शुरुआत 1901 में हुई थी, का उद्देश्य निरंतर शांति प्रयासों को प्रोत्साहित करना था। अल्फ्रेड नोबेल ने अपनी वसीयत में लिखा था कि यह पुरस्कार उस व्यक्ति को मिलना चाहिए, "जिसने राष्ट्रों के बीच भाईचारे को बढ़ावा देने, स्थायी सेनाओं को समाप्त करने या कम करने, और शांति सम्मेलनों के आयोजन में सबसे अधिक या सबसे अच्छा काम किया हो।"

धीर गंभीर राजनीतिक जानकारों ने कहा कि नोबेल समिति पर ट्रंप का नाम चुनने का जबरदस्त दबाव था, लेकिन सदस्यों ने वेनेज़ुएला की नेता को इसलिए चुना, क्योंकि दुनिया भर में लोकतंत्र खतरे में है।

यह भी देखा जा रहा है कि दक्षिणपंथी नेता लोकतांत्रिक ढंग से सत्ता में आते हैं, लेकिन सत्ता में आने के बाद, संविधान और लोकतंत्र के अन्य स्तंभों, जैसे न्यायपालिका, विधायिका तथा मीडिया को कमजोर करने लगते हैं।

पर्यवेक्षकों का कहना है कि यह प्रवृत्ति अब स्पष्ट रूप से दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र (अमेरिका) और सबसे बड़े लोकतंत्र (भारत), दोनों में दिखाई दे रही है।

# मंत्री सुजीत बोस के 11 ठिकानों पर ईडी ने छापा मारा

- **पश्चिम बंगाल में नगरपालिका भर्ती घोटाले की जाँच के दौरान ईडी ने यह कार्यवाही की।**

नयी दिल्ली, 10 अक्टूबर। पश्चिम बंगाल में कथित नगरपालिका भर्ती घोटाले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को राज्यभर में 11 ठिकानों पर एक साथ छापे मारे।

यह कार्रवाई राज्य के अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा मंत्री तथा तृणमूल कांग्रेस के विधायक सुजीत बोस से जुड़े परिसरों सहित, कई जगहों पर जारी है। ईडी सूत्रों के अनुसार, तलाशी अभियान कोलकाता और उसके आसपास के इलाकों में चलाया जा रहा है। जिन परिसरों पर छापे मारे गए हैं, उनमें सुजीत बोस का सरकारी और निजी कार्यालय, उनसे जुड़ी कंपनियों के दफ्तर और उनके निकट सहयोगियों के घर शामिल हैं।

यह मामला उस नगरपालिका भर्ती घोटाले से संबंधित है, जिसकी जांच सीबीआई की एफआईआर के आधार पर शुरू की गई थी। कोलकाता हाईकोर्ट के निर्देश पर दर्ज इस एफआईआर में आरोप लगाया गया था कि राज्य में भर्ती घोटाला केवल शिक्षकों की नियुक्तियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विभिन्न नगरपालिकाओं में हुयी अवैध नियुक्तियों तक फैला हुआ है।

गौरतलब है कि इससे पहले भी ईडी ने इस मामले में मंत्री सुजीत बोस और राज्य के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री रथिन घोष के आवासीय परिसरों पर तलाशी ली थी। आज की कार्रवाई इस घोटाले की जांच के दायरे को और व्यापक बनाती दिख रही है।

ईडी अधिकारियों ने बताया कि तलाशी के दौरान कुछ वित्तीय दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड जब्त किए गए हैं, जिनकी जांच की जा रही है।

# दिल्ली एनसीआर में पटाखे पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला सुरक्षित

## संभावना है कि दीवाली के दौरान शर्तों पर ग्रीन पटाखों को अनुमति मिल जाये

- **सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुझाव दिया कि केवल एनवायरमेंट इंजीनियरों, रिसर्च इंस्टीट्यूट तथा पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव सेफ्टी ऑर्गनाइज़ेशन से प्रमाणित ग्रीन पटाखों की बिक्री की अनुमति दी जाये।**

नई दिल्ली, 10 अक्टूबर। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली एनसीआर में ग्रीन पटाखों की बिक्री पर आदेश सुरक्षित रख लिया है। कोर्ट ने इस बात के संकेत दिए हैं कि दीवाली के दौरान शर्तों के साथ ग्रीन पटाखे के इस्तेमाल की अनुमति दी जा सकती है।

सुनवाई के दौरान, दिल्ली सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने ग्रीन पटाखों के लिए अनुमति की सिफारिश करते हुए कुछ सुझाव भी दिए। सुझाव में उन्होंने कहा कि नेशनल एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्ययूट (एनईईआरआई) और पेट्रोलियम एंड एक्सप्लोसिव सेफ्टी ऑर्गेनाइजेशन (पीईएसओ) की ओर से प्रमाणित ग्रीन क्रैकर्स की बिक्री की अनुमति दी जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि लड़ी वाले पटाखों के निर्माण, बिक्री और इस्तेमाल पर पाबंदी जारी रहे और पीईएसओ और एनईईआरआई पटाखों के निर्माण की जगह की नियमित जांच करें, ताकि सिर्फ सही फार्मूले में ग्रीन पटाखों का निर्माण हो सके। दिल्ली सरकार ने सुझाव में यह भी कहा कि पटाखों को लेकर एक संतुलित रुख अपनाए जाने की जरूरत है। दीपावली, गुरुपर्व और क्रिसमस पर ग्रीन पटाखों की इजाजत दी जाए। यह भी सुझाव दिया गया कि कोर्ट चाहे तो दीपावली पर ग्रीन पटाखे रात 8 से 10 बजे तक जलाने का निर्देश दे सकता है।

न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई ( सीजेआई बीआर गवई ) और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच ने पूछा कि क्या साल 2018 में जब पटाखों पर रोक लगी थी, तब से अब तक आईक्यूआई में कमी आई है। तुषार मेहता ने बताया कि आईक्यूआई लगभग पहले जैसा ही है, सिर्फ कोविड के दौरान वायु गुणवत्ता सुधरी थी, लेकिन उसके दूसरे कारण थे। कुछ और वकीलों ने कहा कि पराली, वाहन प्रदूषण जैसी बातों की उपेक्षा कर सिर्फ पटाखों को निशाना बनाना गलत है।

सुनवाई के दौरान तुषार मेहता ने हल्के-फुल्के लहजे में कहा कि बच्चों को एक घंटा तो माता-पिता को मनाने में लग जाता है कि वह पटाखे जलाने उनके साथ चलें इसलिए, त्योहार पर समय सीमा की पाबंदी नहीं रखनी चाहिए।

# जुबीन के दो पीएसओ गिरफ्तार

- **दोनों पीएसओ के बैंक खातों में एक करोड़ रुपये से अधिक लेन-देन पाये जाने पर मंगलवार को उन्हें निलंबित किया गया था।**

सिलीगुडी, 10 अक्टूबर। असम पुलिस की एसआईटी टीम ने शुक्रवार को दिवंगत गायक जुबीन गर्ग के दो निजी सुरक्षा अधिकारियों (पीएसओ) को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान नांदेश्वर बोरा और परेश बैश्य के रूप में की गयी है।

इन दोनों पीएसओ के बैंक खातों में एक करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन पाये जाने पर उन्हें मंगलवार को निलंबित कर दिया गया था। संगीतकार की मौत मामले में वांछित सिंगापुर स्थित एक एनआरआई भी जांचकर्ताओं के सामने पेश हुआ था। लगभग एक दशक पहले प्रतिबंधित उग्रवादी समूह उल्फा की धमकी मिलने के बाद असमिया गायक जुबीन गर्ग की सुरक्षा में दोनों पुलिसकर्मियों को लगाया गया था।






राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908